जबलपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024 ■ पौस मास शुक्ल पक्ष- 01 ■ वर्ष : 18, अंक : 250 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 25, न्यून. 13 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पीएम नरेंद्र मोदी आज करेंगे उद्घाटन

# समंदर पर बना 'देश का सबसे लंबा' पुल!

*प्रवासी पक्षी फ्लेमिंगो को दिक्कत न हो, इसके लिए पुल के बगल में साउंड बैरियर लगाए गए*

*मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ेगा 21 हजार करोड़ की लागत से बना मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक यानी अटल बिहारी बाजपेयी सेतु*

1 *मुंबई में शिवडी से नवी मुंबई के चिरले तक पुल 22 किलोमीटर लंबा*

2 **100** *किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगे वाहन*

3 *जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे हर गाड़ी पर नजर रखेंगे*

4 *इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम, देश का सबसे एडवांस सिस्टम इसमें 400 कैमरे लगे*

5 *विशेष जापानी तकनीकी ऑर्थोट्रोपिक स्टील डेक का इस्तेमाल किया गया*

6 *यह पूरी तरह से भूकंप रोधी, इस पुल की 100 साल की उम्र*







## खबर संक्षेप

### संसद सत्रः 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और यह 9 फरवरी तक चलेगा। सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ होगी। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट 1 फरवरी को लोकसभा में पेश करेंगी। ये बजट सत्र काफी अहम है, क्योंकि अप्रैल और मई में लोकसभा चुनाव हो सकते हैं।

### अयोध्या के लिए महंगा हुआ फ्लाइट का टिकट



**नई दिल्ली।** 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनियाभर के श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। बेंगलुरू से भी रामलला के दर्शन के लिए भारी संख्या में रामभक्त पहुंचेंगे। अयोध्या जाने वाली फ्लाइट्स के दामों में काफी इजाफा हो गया है। 20 जनवरी को सबसे सस्ती फ्लाइट टिकट का दाम 24,000 रुपए है।

### बाल-बाल बचीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती



**जम्मू।** पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती की स्कॉर्पियो कार गुरुवार को हादसे का शिकार हो गई। महबूबा श्रीनगर से अनंतनाग जिले के लिए रवाना हुई थीं अनंतनाग के संगम बिजबेहड़ा के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई, बताया गया है कि मुफ्ती अग्नि पीड़ितों से मिलने के लिए अनंतनाग के खानबल जा रही थीं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### तंगी के चलते ठेकेदार ने खुद को गोली मारी



**जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत बधैया मोहल्ला निवासी नगर निगम के ठेकेदार ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। ठेकेदार की बेटी का विवाह फरवरी में निर्धारित था। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी बताया गया है। थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल के अनुसार भगवान सिंह नगर निगम के ठेकेदारी का काम करता है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का परिणामः इंदौर लगातार सातवीं बार देश में पहले स्थान पर

# स्वच्छतम शहर की ये दो 'सूरत'

### देश में इंदौर और सूरत को स्वच्छतम शहरों में 'पहला स्थान'

इस बार कुल 9500 अंक का सर्वेक्षण हुआ। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस पर 4525 सर्टिफिकेशन पर 2500 और पब्लिक फीडबैक पर 2475 अंक दिए गए



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'टीम मध्यप्रदेश' ने दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सातवीं बार इंदौर पहले स्थान पर रहा। सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला।

महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्र प्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे और मध्यप्रदेश का भोपाल पांचवें नंबर पर रहा।

स्वच्छतम शहरों में महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्रप्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे व मध्यप्रदेश का भोपाल पांचवे नंबर पर रहा

देश के स्वच्छ राज्यों की कैटेगरी में इस बार महाराष्ट्र को पहला मध्यप्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला

### बुधनी को पश्चिम जोन के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार

प्रदेश में एक 7 स्टार, एक 5 स्टार, 24 थ्री स्टार और 132 वन स्टार गार्बेज फ्री शहर हैं। भोपाल शहर को स्वच्छ शहरों की सूची में गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग के साथ पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के 15,000 से 20,000 जनसंख्या वाले शहरों में बुधनी को पश्चिम जोन के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में नौरोजाबाद और अमरकंटक को फास्ट मूविंग सिटी श्रेणी में प्रथम और द्वितीय स्थान मिला है। जबकि महू ने सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का खिताब हासिल किया।



भोपाल। निगम कार्यालय में ननि अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने मिठाई बांटी।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

### केंद्र सरकार व संगठनों ने इस मिशन को 'आंदोलन' बनाया

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार तथा अन्य संगठनों ने देश में स्वच्छ भारत मिशन को महत्वपूर्ण आंदोलन बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, इससे जुड़े लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करता है। उन्होंने देश के युवा वर्ग से भारत को विश्व में स्वच्छ देश बनाने की दिशा में योगदान देने की अपील की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह मिशन एक आंदोलन बन गया।*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राप्त किया प्रदेश का पुरस्कार...

### कहा-प्रदेशवासियों व स्वच्छता मित्रों को बधाई पीएम के कुशल मार्गदर्शन से इंदौर ने रिकॉर्ड बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'टीम मध्यप्रदेश' ने पुरस्कार ग्रहण किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता मित्रों को बधाई देते हुए।

### मंत्री विजयवर्गीय बोले-इच्छाशक्ति का परिणाम है

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक्स पर कहा मुस्कुराइए आप मध्य प्रदेश में हैं...। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्य प्रदेश को देश के दूसरे सबसे स्वच्छ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह मध्य प्रदेश की जनता की इच्छाशक्ति का परिणाम है, जो अपने शहरों को, अपने घरों की तरह स्वच्छ रखने का संकल्प लिए हुए हैं।

संघ, भाजपा, सरकार की समन्वय बैठक में निर्णय

## हर मंदिर में होगा 'प्राण-प्रतिष्ठा' का सीधा प्रसारण, हर घर लहराएंगी भगवा पताकाएं



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी से सटे सीहोर के एक रिजॉर्ट में आरएसएस, भाजपा और सरकार के प्रमुखों की बैठक के एजेंडे में शामिल आधा दर्जन से ज्यादा विषय थे लेकिन चर्चा के केंद्र में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा ही रही। तय किया गया कि 22 तारीख को हर छोटे-बड़े मंदिर में कार्यक्रम होना चाहिए और वहां छोटी-बड़ी एलईडी के जरिए अयोध्या के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाना चाहिए।

■ लोकसभा चुनाव व शताब्दी वर्ष की तैयारी पर भी चर्चा

रिक्टर स्केल पर 6.1 रही तीव्रता

## दिल्ली-एनसीआर में फिर भूकंप के झटके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके का अहसास होते ही लोग घरों से बाहर के लिए दौड़े। ऑफिसों में काम कर रहे लोग भी कामकाज छोड़कर इमारतों से बाहर आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर था।



■ फिलहाल जानमाल का नुकसान नहीं

बड़ी संख्या में तैनात रही पुलिस

## पत्थर फेंकने वाले के घर पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

जिला मुख्यालय में राम श्याम धार्मिक कीर्तन यात्रा पर पथराव के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी रहीम पटेल के घर पर गुरुवार को बुलडोजर चला दिया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। बता दें कि सोमवार को शाजापुर में राम श्याम धार्मिक कीर्तन यात्रा निकाली जा रही थी। उस पर रहीम पटेल सहित कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था।



■ मुख्य आरोपी के घर को तोड़ा गया

हफ्ते में तीन दिन ऑपरेट होगी

## अहमदाबाद-अयोध्या के बीच फ्लाइट सर्विस शुरू

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। इस मौके पर ज्यादा से ज्यादा रामभक्त अयोध्या पहुंचने को उत्सुक हैं। गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट रवाना हो गई है। इंडिगो एयरलाइन की इस पहली फ्लाइट को केंद्रीय एविएशन मंत्री ज्योतिरादित्यसिंधिया और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



■ केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दिखाई हरी झंडी

अभी इसकी कोई वैक्सीन नहीं

## निपाह वायरस वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निपाह वायरस की वैक्सीन को लेकर बड़ी खबर आ रही है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत के केरल समेत कुछ राज्यों और एशिया के कई हिस्सों में चिंता बढ़ाने वाले निपाह वायरस की वैक्सीन की ह्यूमन टेस्टिंग शुरू कर दी है। अभी इस वायरस की कोई वैक्सीन मौजूद नहीं है। इसके ट्रायल में एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के कोविड-19 शॉट्स की तरह की टेक्नीक का इस्तेमाल हो रहा है।



■ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी कर रहा ट्रायल

## नयनतारा की 'अन्नपूर्णी' फिल्म को नेटफ्लिक्स ने हटाया



**नई दिल्ली।** साउथ एक्ट्रेस नयनतारा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'अन्नपूर्णी' पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया था, इसके बाद से ही फिल्म विवादों फंसी हुई है। फिल्म के मेकर्स और इसकी स्टार कास्ट पर भगवान श्रीराम का अपमान करने का आरोप लगाया गया है। इसी बीच फिल्म पर विरोध बढ़ता देख नेटफ्लिक्स ने नयनतारा की इस फिल्म को डिलीट कर दिया है।

*इस मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से किसी तरह की ग्रह बाधा नहीं होती, विश्व में भारत के गुरुत्व को बल मिलेगा*

इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में करीब 7000 से अधिक गणमान्य साक्षी बनेंगे

# संजीवनी मुहूर्त में संपन्न होगा श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, कुल 7 दिन तक चलेगा 'अनुष्ठान'

### राम मंदिर में श्री रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह कुल सात दिन तक चलेगा। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू होगा और 22 जनवरी को संपन्न होगा। यह अनुष्ठान संजीवनी मुहूर्त में 84 सेकंड में पूरा किया जाएगा। ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक संजीवनी मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से ग्रह बाधा नहीं आती है।




### पीएम मोदी रामलला विग्रह की आंखों से कपड़ा हटाएंगे

नवनिर्मित अयोध्या राम मंदिर में श्री रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे। प्रधानमंत्री मोदी रामलला विग्रह की आंखों में काजल और भाल पर तिलक लगाने के बाद उन्हें दर्पण दिखाएंगे और फिर महाआरती के साथ मंदिर में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न होगा। 22 जनवरी की मध्याह्न मृगशिरा नक्षत्र में 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 30 मिनट 32 सेकंड के मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री मोदी पीले वस्त्रों में सजे रामलला विग्रह की आंखों से कपड़ा हटाएंगे।



ऊर्जा मंत्री तोमर बोले

### 22 जनवरी को गुल नहीं होगी चाहिए बिजली

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि 22 जनवरी को प्रदेश में कहीं भी बिजली गुल नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अयोध्या धाम में श्री रामलला के मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस कार्यक्रम कासीधा प्रसारण होगा।






नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



स्वामी विवेकानंद जी की जयंती

# युवा दिवस

के अवसर पर राज्य स्तरीय

# सामूहिक सूर्य नमस्कार

कार्यक्रम

गरिमामयी उपस्थिति

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

12 जनवरी, 2024 – प्रातः 9:00 बजे
शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल

"सभी शक्तियां आपके भीतर ही हैं,
आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं।"
- स्वामी विवेकानंद

"प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सदैव कटिबद्ध है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रदेश की इस बड़ी उपलब्धि के लिए हमारे स्वच्छता मित्रों का आभार एवं समस्त प्रदेशवासियों को बधाई।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## इस बार युवा दिवस है विशेष
## स्वच्छता में फिर सिरमौर बना "मध्यप्रदेश"

D-11167/23



## इंदौर लगातार सातवीं बार नंबर 1

मिले 6 राष्ट्रीय सम्मान | भोपाल बना देश की सबसे स्वच्छ राजधानी

- इंदौर को 7 स्टार और भोपाल को 5 स्टार शहर का दर्जा
- देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार
- 361 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट
- कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में 158 शहरों को प्रमाणीकरण प्राप्त

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

## पीएम मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री ने की द्विपक्षीय बैठक

दोनों देश करेंगे रक्षा क्षेत्र में नवाचार

# व्यापार और रक्षा क्षेत्रों में दोनों देश मिलकर करेंगे सहयोग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने द्विपक्षीय बैठक में कहा कि हमने व्यापार, ऊर्जा, विज्ञान, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में हिस्सा लेने के लिए 9 से 11 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 के मौके पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुख्य तौर पर ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की हैं।

**खास बातें**

- चेक गणराज्य के पीएम फियाला पहुंचे समिट में
- रक्षा, रेलवे और विमानन क्षेत्रों में निर्माताओं के साथ साझेदारी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत और चेक गणराज्य के बीच संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।*

यूएई-भारत सीईपीए की वेबसाइट लांच

व्यापारियों ने दिखाई खाद्य उद्योग में रुचि





### द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा

संयुक्त बयान में कहा गया कि कई चेक कंपनियों ने मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत रक्षा, रेलवे और विमानन क्षेत्रों में भारतीय निर्माताओं के साथ साझेदारी की है। संयुक्त वक्तव्य का उद्देश्य स्टार्ट-अप और नवाचार, साइबर-सुरक्षा, डिजिटल डोमेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, परमाणु ऊर्जा और सर्कुलर अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की सहयोग भरी विशेषज्ञता का लाभ उठाना है।

### द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने भारत यूएई बिजनेस शिखर सम्मेलन

बिजनेस शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात भारत सीईपीए परिषद वेबसाइट का औपचारिक से शुभारंभ किया। यह कदम दोनों देशों के बीच न केवल आर्थिक सहयोग बल्कि व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। बता दें कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के इस संस्करण के मुख्य अतिथि के तौर पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शामिल रहे।

### 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर व्यापार का लक्ष्य

*दोनों देशों ने जुलाई 2023 में स्थानीय मुद्रा निपटान की प्रणाली अपनाई जो निर्यातकों और आयातकों को उनकी घरेलू मुद्राओं में भुगतान करने की सुविधा देता है। यह कदम दोनों न केवल दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बना रही है बल्कि आपसी विश्वास को बढ़ावा दे रही है। यूएई-भारत बिजनेस शिखर सम्मेलन द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने,आपसी विकास और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह सम्मेलन दोनों देशों के मनोबल बढ़ाने में सहायक हो सकती है।*

जांच पड़ताल के बाद डेढ़ घंटे देरी से रवाना

# टैंपा एयरपोर्ट पर यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

फ्लोरिडा से एयरबस ए319 ने करीब 3:42 बजे उड़ान भरी और उसके 50 मिनट बाद दरवाजा खुले होने का अलर्ट मिलने के बाद यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान को सबसे करीबी टैम्पा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया।

इसमें 123 पैसेंजर्स और 5 क्रू मेंबर्स थे। लैंडिंग करीब डेढ़ घंटे तक टैम्पा में रहने के बाद शाम करीब 6 बजे फ्लाइट फिर से रवाना हो गई। इससे पहले 6 जनवरी को अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 9 सीरीज के प्लेन का इमरजेंसी एग्जिट डोर 16 हजार फीट की ऊंचाई पर उखड़ गया था। एयरलाइंस के मुताबिक विमान में 171 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर सवार थे।

**खास बातें**

- एयरबस ए319 ने दोपहर करीब 3 :42 बजे भरी थी उड़ान
- उड़ान के 50 मिनट बाद हवा में दरवाजा खुले होने का मिला अलर्ट

123 पैसेंजर्स और 5 क्रू मेंबर्स थे मौजूद

अमेरिका में एक हफ्ते में दूसरी घटना









### निखिल की जानकारी देने से अमेरिका का इनकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के



आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर लगे आरोपों की विस्तृत जानकारी देने से अमेरिकी सरकार ने इनकार कर दिया है। अमेरिका ने कोर्ट में कहा कि जब निखिल गुप्ता को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया जाएगा और उस पर मुकदमा शुरू होगा, तभी उसके खिलाफ लगे आरोपों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। निखिल गुप्ता के वकील ने अदालत में प्रस्ताव पेश कर आरोपों की जानकारी मांगी थी।

## राजनाथ ने की रक्षा और आर्थिक संबंधों पर चर्चा

# सुनक को भेंट की राम दरबार की मूर्ति

एजेंसी ▸▸ लंदन

भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सिंह ने बैठक के दौरान, ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री सुनक को राम दरबार की एक मूर्ति भी भेंट की।

बैठक में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी शामिल हुए। सुनक ब्रिटेन और भारत के तालमेल के साथ काम करने की जरूरत पर राजनाथ से सहमत हुए और उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर जारी बातचीत को जल्द ही सफलतापूर्वक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा।



### यात्रा से रक्षा साझेदारी में सकारात्मक परिणाम

भारत और ब्रिटेन एफटीए के लिए अभी 14वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य 36 अरब ब्रिटिश पौंड की द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाना है। समझा जाता है कि सुनक ने भी द्विपक्षीय साझेदारी के तहत रक्षा व सुरक्षा संबंध प्रगाढ़ करने की अपनी सरकार की इच्छा को रेखांकित किया।

## सर्वमान्य नेता बनीं शेख हसीना

# दुनियाभर में हो रही बांग्लादेश के विपक्ष विहीन चुनाव की चर्चा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ढाका। बांग्लादेश के चुनाव परिणामों ने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वहां शेख हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग पार्टी ने 2024 के आम चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करते हुए संसद को विपक्ष विहीन कर दिया। 8 जनवरी 2024 को आए चौंकाने वाले परिणामों की विदेशी समाचार एजेंसियों में भी खूब चर्चा हो रही है। मुजीबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना की पार्टी को बहुमत मिल गया। बांग्लादेश की संसद में 300 सीटें हैं जिसमें से 299 पर मतदान हुआ था। इस 299 सीटों में से 222 सीट अवामी लीग को मिली है। 62 निर्दलीय जीते हैं जबकि विपक्षी बीएनपी को 11 सीटें मिली हैं।

### शेख हसीना कट्टरपंथी इस्लाम के खिलाफ

*शेख हसीना कट्टरपंथी इस्लाम के खिलाफ हैं और वे भारत से बेहतर रिश्ता रखने की पक्षधर हैं, इसलिए बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थक दल या संगठन आम चुनावों का बहिष्कार करने लगे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का बहिष्कार इसी कारण से है। वरना कोई कारण नहीं था कि वह तीसरी बार चुनावों का बहिष्कार करती। इसी बहिष्कार को लेकर दुनियाभर की समाचार एजंसियां और इस्लामिक समर्थक बांग्लादेश के चुनावों को एकतरफा चुनाव बताते आ रहे हैं। बांग्लादेश की चुनाव विश्लेषक शरमीन मुर्शिद कहती हैं कि यह बिना व्याकरण वाला चुनाव था। मैंने ऐसा कोई चुनाव नहीं देखा। शरमीन कहती हैं कि "यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें एक ही दल (अवामी लीग) पक्ष और विपक्ष दोनों ओर था।*

### विपक्ष ने किया था चुनाव का बहिष्कार

लगातार तीसरी बार बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आम चुनाव के बॉयकॉट का ऐलान किया था। बीएनपी 2014 से जातीय संसद के चुनाव में हिस्सा नहीं ले रही है। बीएनपी चार बार सरकार बना चुकी है। इस पार्टी की स्थापना पाकिस्तान समर्थक जनरल जियाउर्रहमान ने 1978 में की थी। उनकी विधवा बेगम खालिदा जिया पार्टी की प्रमुख हैं जो दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। जियाउर्रहमान खुद भी बांग्लादेश के राष्ट्रपति रह चुके थे और 1981 में बांग्लादेश आर्मी के ही लोगों ने पाकिस्तानी समर्थक होने के कारण उनकी हत्या कर दी थी।

## समान मुद्दे पर कनाडा-यूएस का रुख अलग क्यों ?

# विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा के पीएम को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली। कनाडा और अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुलकर बात की है। एक साक्षात्कार में उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों में अंतर को बताते हुए कहा कि कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद और चरमपंथी गतिविधियों को सही ठहराता है, जबकि अमेरिका ऐसा नहीं करता है। अमेरिका ने हमारे साथ अपनी चिंताओं को साझा किया।

### कनाडाई राजनीति ने खालिस्तानी को दी पनाह

जयशंकर ने कहा कि कनाडाई राजनीति ने खालिस्तानी ताकतों को



हमेशा से संरक्षण दिया है। इन्ही कारणों की वजह से हमारे संबंधों में खटास आई हैं। दुर्भाग्य से कनाडा की राजनीति के हालात ऐसे ही हैं। निज्जर की मौत के बाद भारत के रिश्तों में दरार आई है।

### ग्लेशियरों पर नजर रखेगा भारत-अमेरिका

**वॉशिंगटन।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा मिलकर बनाई गई सैटेलाइट निसार लॉन्चिंग के लिए तैयार है और जल्द ही इसकी लॉन्चिंग की तारीख का एलान कर दिया जाएगा। इस सैटेलाइट की मदद से इसरो और नासा धरती पर पर्यावरण के लिए अहम वेटलैंड, ज्वालामुखी में आए बदलाव और जमीन और समुद्र की बर्फ में आए बदलावों का अध्ययन करेगी। निसार सैटेलाइट ग्लेशियरों से बर्फ पिघलने की भी निगरानी करेगी। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेट्री ने इसकी जानकारी दी है।

पीएम ने उठाया कदम

# पापुआ न्यू गिनी देश में आपातकाल की घोषणा



**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने दंगों और लूटपाट में 16 लोगों के मारे जाने के बाद आपातकाल की घोषित कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वेतन विवाद के विरोध में भड़के दंगो में राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और देश के उत्तर में स्थित लाई में बड़ा नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई राज्य प्रसारक ने दंगों की जानकारी दी। मरापे ने लोगों से शांति की अपील करते हुए कहा कि सरकार दंगों के कारणों की समीक्षा कर रही है।




**खबर संक्षेप**

### लाड़ली बहनों को मिली किश्त, वीडी ने दी बधाई

**भोपाल।** प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1576 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रांसफर कर दी है। सभी बहनों के खातों में हर महीने की 10 तारीख को राशि आती रहेगी। कांग्रेस ने करारी हार के बाद भ्रामक प्रचार किया कि अब लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं पर ताला लग जाएगा। आज कांग्रेस नेताओं की आंखें खुल गई होगी। यह बात प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही। कांग्रेस को झूठा प्रचार बंद करना चाहिए।

### 22 जनवरी को संकल्प दिवस करने की मांग

**भोपाल।** भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का दिन 22 जनवरी को संकल्प दिवस घोषित करने की मांग ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस पवित्र दिन देश में शासकीय अवकाश की घोषणा भी की जाए। इसके अलावा सभी कसाईखानों को बंद रखा जाए।

### कर्मचारी मंच का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन 21 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन 21 जनवरी को आंबेडकर मैदान में होगा। सम्मेलन में 11 सूत्रीय प्रस्ताव पारित करके ज्ञापन तैयार किया जाएगा। जिसे सरकार को भेजा जाएगा। सम्मेलन में संगठन की वर्ष 2024 की कार्य योजना तैयार की जाएगी। प्रांतीय संकल्प सम्मेलन में प्रदेश भर के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, अनियमित संवर्ग शामिल होंगे। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रांतीय संकल्प सम्मेलन में चार प्रतिशत महंगाई भत्ता, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने समेत अन्य मांगें शामिल हैं।

### शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि थर्ड काउंसलिंग की मांग

**भोपाल।** प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि के साथ थर्ड काउंसलिंग की मांग की। प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ के संयोजक मंगल सिंह ने कहा कि पदवृद्धि कर के सभी समस्यों का निराकरण किया जा सकता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ लोगों तक पहुंचाने में देश में प्रथम रहेगा मप्र

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और मंडला के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद में कहा-



**खास बातें**

- पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही
- कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हो रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश के हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

हमारा प्रयास है कि यात्रा के अंतर्गत जन-जन तक लाभ पहुंचाने में मप्र देश में प्रथम रहे। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित इस संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतें और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय से वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के मंडला और बैतूल जिले के हितग्राहियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल के मानिकराव धोटे तथा गीता भावसार और मंडला के जागेश्वर कछवाहा और श्वेता नंदा से वर्चुअली चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अपने देश को 2047 तक दुनिया में नंबर वन बनाना है।

### *मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां, वीडियो संदेश और लघु फिल्में दिखाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जन-जन तक विकास की बयार ले जाने वाली यह यात्रा अब जन-जन की यात्रा बन चुकी है। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इस यात्रा का समापन होगा। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस कई मयानों में महत्वपूर्ण हैं, हम अपना 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफल, सम्पन्न और सुखी भारत का जो सपना देखा है, मप्र की धरती उसे साकार करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा से गरीबों के जीवन में सुधार आएगा।

### हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, किसान सम्मान निधि, उज्जवला सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी। मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल उपस्थित थे। बैतूल सांसद डीडी उइके तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी वीसी में जुड़े।

## 16वीं विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन

*नए विधायकों के लिए एक और प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन पर होगा विचार*

# नए सदस्यों को सदन में विचार रखने दी जाएगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा एवं लोकसभा (प्राइड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वीं विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन बुधवार हो गया। इस मौके पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 7 फरवरी से शुरु होने वाले विधानसभा सत्र में प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों को सदन में बोलने की प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य को सदन में बोलने का अवसर मिले, इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए।

तोमर ने कहा कि शून्यकाल में लिखित सूचनाओं पर बोलने का प्रावधान अभी है, किंतु आगामी सत्र में यह भी निर्धारित किया जाएगा कि शून्यकाल में महत्वपूर्ण तत्कालीन घटनाओं पर भी सदस्य अपनी बात रख सकेंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में लोकसभा और विधानसभा सचिवालय की भूमिका को भी प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि इस बार 69 विधायक पहली बार चुन कर आए हैं। उन्हें एक पत्र भेजकर उनसे इस दो दिवसीय प्रबोधन का अनुभव लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए विधायकों के लिए एक और प्रबोधन कार्यक्रम अगर आवश्यक लगे तो उस दिशा में विचार करना चाहिए।

*शून्यकाल में तात्कालिक घटना के विषयों को भी सदस्य उठा सकेंगे*

- प्रत्येक सदस्य को बोलने का मौका देने के लिए किए जाएंगे प्रयास
- आयोजन के लिए लोक व विस सचिवालय की भूमिका को सराहा



**कार्यक्रम में इन अतिथियों ने दिया उद्बोधन**

दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुभारंभ मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। प्रबोधन कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, लोकसभा में लाभ के पदों पर गठित संयुक्त समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल सिंह, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, पूर्व राज्यसभा सदस्य सुरेश पचौरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह, सांसद एवं सभापति विशेषाधिकार समिति सुनील सिंह संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीताशरण शर्मा, मप्र विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह आदि ने संबोधित किया।

**प्रश्न पूछने से ही सरकार को पता चलता है कि शासन कैसा चल रहा**

## आपसी समन्वय से ही हासिल होगा जनता की सेवा का लक्ष्य

मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान सदस्य डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने नव निर्वाचित सदस्यों को बजट निर्माण की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि जनता की सेवा करना ही सबका लक्ष्य है। आपसी समन्वय से ही इसे हासिल किया जा सकता है। उन्होंने नव निर्वाचित सदस्यों को बजट निर्माण की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी।

- नव निर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन का दूसरा दिन

डॉ. सिंह ने प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन के पहले सत्र में बजट निर्माण संबंधी तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि 'बजट प्रक्रिया, आय व्ययक, अनुदान की मांगों पर चर्चा, कटौती प्रस्ताव' महत्वपूर्ण तत्व हैं। राज्य सरकार की ओर से मुख्य, पूरक एवं लेखानुदान बजट विधानसभा से पारित कराया जाता है। सभी सदस्यों को चर्चा का अवसर मिलता है। बजट पर चर्चा का दिन विधानसभा अध्यक्ष तय करते हैं। वे कार्य मंत्रणा समिति के अध्यक्ष भी होते हैं। बजट कटौती प्रस्ताव रखने वाले सदस्यों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। व

**प्रश्नकाल विधानसभा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय**

द्वितीय सत्र में 'प्रश्नकाल एवं प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा' विषय पर अपने संबोधन में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि प्रश्नकाल विधानसभा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय होता है। प्रश्नकाल सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर एक घंटे तक चलता है। इस एक घंटे के पूरा होने में यदि एक मिनट का समय भी शेष होता है, तो किसी एक सदस्य का नाम पुकार लिया जाता है। उन्होंने विधायकों से कहा कि वे प्रश्न अवश्य पूछें, क्योंकि प्रश्न लगाने से ही सरकार को भी यह पता चलता है कि शासन-प्रशासन कैसा चल रहा है। किसी भी सूरत में प्रश्नकाल को स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। डॉ. शर्मा ने प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा विषय पर कहा कि इस आधे घंटे में तारांकित व अतारांकित दोनों प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। इसमें मतदान नहीं होता है, सदस्य अपनी बात रखते हैं, फिर विभागीय मंत्री जवाब देते हैं।

## 624 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 22,700 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

**भोपाल।** कोई भी युवा बेरोजगार न रहे, रोजगार-स्वरोजगार से आजीविका संवर्धन कर सके इस उद्देश्य से प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की आवश्यकता को पूरा किया जा रहा है। उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा मध्यप्रदेश के 53 जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में कौशल विकास और उद्यमिता पर एक दिवस से लेकर डेढ़ माह तक के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में 15 मार्च तक किए जाएंगे।

- आजीविका संवर्धन के लिए युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण

रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रखे गए हैं। प्रदेश भर में 624 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 22 हजार 700 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अन्तर्गत 2 सौ उद्यमिता सह कौशल विकास प्रशिक्षण में 6 हजार, 150 प्रबंध विकास कार्यक्रम में 3 हजार और 50 उद्यमिता जागरूकता शिविर में 13 हजार 7 सौ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनमें सर्वाधिक 43 इंदौर में और 42 प्रशिक्षण कार्यक्रम भोपाल जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले युवा हमारे जिला समन्वयकों से संपर्क कर सकते हैं, जिनके बारे में हमारी वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सेडमैप इंडिया डॉट एमपी डॉट जीओवी डॉट इन (www.cedmapindia.mp.gov.in) पर जानकारी उपलब्ध है। मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले की आवश्यकतानुसार चयनित ट्रेड में 30-30 युवाओं के बैच को प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना पर तीव्रगति से काम किया जा रहा है।

# बिलासपुर में फांसी की रस्सी के लिए दोस्त का मर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

यहां फांसी की रस्सी के लिए युवक की गला घोंटकर हत्या की गई। फिर फंदे से लटकाया। इसके बाद लाश को खेत में गाड़ दी। तांत्रिक ने कहा था कि फांसी की रस्सी रखकर जुआ खेलोगे तो नहीं हारोगे। इसलिए नाबालिग दोस्तों ने हत्या को अंजाम दिया। 3 साल से लापता विकास का कंकाल मिलने के बाद ये खुलासा हुआ। वहीं पैसे के लेनदेन में दूसरे दोस्त की हत्या की गई थी। विकास की हत्या के बाद जब आरोपी पकड़े नहीं गए तो उनका हौसला बढ़ गया। आरोपियों ने रुपयों की लालच में फिर एक दोस्त की हत्या कर दी।

### तांत्रिक ने कहा था- इससे जुआ नहीं हारोगे, तो मारकर लटकाया

**दूसरे दोस्त को भी मारकर दफनाया था**

विकास के लापता होने के करीब साल भर बाद मल्हार के पुरातत्व स्थल पर मिट्टी में दबा एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने थानों में गुमशुदगी को लेकर जानकारी जुटाई। इस बीच युवक की पहचान मल्हार निवासी दीपक लोहार (35) के रूप में हुई। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि दीपक 6 दिन से लापता था। पुलिस जांच में पता चला था कि आखिरी बार उसे अजय और मणिशंकर के साथ देखा गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के घर से दीपक के खून से सने कपड़े और हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों सहित 4 नाबालिगों को भी पकड़ा था। अजय भैना अभी सेंट्रल जेल में बंद है, जिससे पुलिस पूछताछ करेगी। वह भी विकास की हत्या में शामिल रहने का आरोपी बताया जा रहा है।

*दिल की बीमारी से जूझ रहे जुगल को बस्तर कलेक्टर ने बनाया टीचर*

# बीटेक आदिवासी युवक नक्सलगढ़ के बच्चों को सिखाएगा कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर का चांदामेटा गांव जहां कभी नक्सली अपने लाल लड़ाकों को बंदूक चलाना सिखाते थे, अब इस गांव का सबसे पढ़ा-लिखा युवक जुगल किशोर बच्चों को कंप्यूटर सिखाएगा। दिल की बीमारी से जूझ रहे इस होनहार आदिवासी युवक को कलेक्टर ने बालक आश्रम में नौकरी दी है। जुगल इस गांव का पहला युवक है, जो पढ़-लिखकर यहीं नौकरी कर रहा है।

चांदामेटा के किसान परिवार के जुगल किशोर कोर्राम ने शुरुआती शिक्षा पास के ही गांव कोलेंग से ली है। इसके बाद जगदलपुर, फिर रायपुर के प्रयास स्कूल से आगे की पढ़ाई की। प्रयास में जुगल ने इंजीनियर बनने के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और रायपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन लिया। यहीं से बीटेक की पढ़ाई की।

**आर्थिक रूप से कमजोर है जुगल का परिवार**



जुगल का परिवार बेहद गरीब है। अपना खर्च निकालने के लिए जुगल को पार्ट टाइम ट्यूशन भी देना पड़ा। इस बीच सेहत बिगड़ने लगी। जांच हुई तो पता चला कि जुगल को दिल की बीमारी है। इलाज में सारे पैसे खत्म हो गए। जुगल ने बताया कि उसके परिवार में माता-पिता, एक भाई और बहन है। माता-पिता किसान हैं और भाई-बहन पढ़ाई कर रहे हैं।

**बीमारी में घर लौटना पड़ा**

बीमारी के चलते जुगल अपने घर चांदामेटा लौट आया। विधानसभा चुनाव से पहले जब बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के. गांव पहुंचे, तो जुगल ने अपनी समस्या उन्हें भी बताई। जिसके बाद कलेक्टर ने उसे नौकरी देने का वादा किया था।

**गांव में ही बना कंप्यूटर टीचर**

2 दिन पहले कलेक्टर विजय दयाराम के. चांदामेटा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने जुगल को भी बुलाया। फिर उसे कोलेंग लेकर गए। यहां के बालक आश्रम में उसे कंप्यूटर शिक्षक के रूप में पदस्थ कर दिया। उसे कलेक्टर दर पर नौकरी दी गई।

## वसूली के आरोप में सिपाही पर चलाए लात-घूंसे और लाठी


**बिलासपुर।** यहां एक आरक्षक की लाठी-डंडों से पिटाई का वीडियो सामने आया है। युवती और कुछ युवक सिपाही की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान कॉन्स्टेबल को काफी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि गांजा-शराब बेचने का आरोप लगाकर आरक्षक पैसे वसूली करने पहुंचा था, जिसे लोगों ने पकड़ लिया। कॉन्स्टेबल अजीत सिंह सिविल लाइन थाने में पदस्थ है। दो दिन पहले वह सिरगिट्टी क्षेत्र के तिफरा स्थित शराब दुकान के पास गया था। जहां अवैध शराब और गांजा बेचने के नाम पर वसूली कर रहा था। इस दौरान नशे में वह महिलाओं और उनके परिवारों को नशे का सामान बेचने और पुलिस बुलाकर पकड़वाने की धमकी देने लगा। वायरल वीडियो में पैसे लेनदेन का भी जिक्र हो रहा है। पिटाई करने वाले युवकों का आरोप है कि आरक्षक से उन्हें 25 हजार रुपए लेना है। वहीं, आरक्षक भी उनके पैसे देने और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए दिख रहा है। मारपीट के दौरान युवक एक और आरक्षक भागवत नामदेव का नाम ले रहा है। वह बोल रहा है कि यह सब भागवत नामदेव ने किया है। वह भी अकेला मिलेगा तो उसको भी मारेंगे। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना नशे का सामान बेचने, अवैध उगाही और कार्रवाई से जुड़ी हुई है।

**बीएसपी के लोहे से बन रहा स्ट्रक्चर, 1100 टन सरिया भेजा अयोध्या**

# राम मंदिर पर नहीं होगा भूकंप का असर, लंबा चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर निर्माण के लिए भिलाई स्टील प्लांट ने 1100 टन सरिया भेजा है। मंदिर के स्ट्रक्चर में सरिया का इस्तेमाल होगा। बीएसपी प्रबंधन के मुताबिक इससे श्रीराम मंदिर को न सिर्फ मजबूती मिलेगी, बल्कि स्ट्रक्चर को भूकंपरोधी बनाया जा सकेगा। इससे पहले भी बीएसपी के लोहे का उपयोग पूरे देश के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स में किया गया है। सरिए का इस्तेमाल परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं, पुलों, राजमार्गों, फ्लाईओवरों, सुरंगों, बांधों, थर्मल, ऊंची इमारतों, बांद्रा वर्ली सी-लिंक ब्रिज, सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, आगरा एक्सप्रेस-वे में किया जा चुका है।



**सेल की अलग-अलग प्लांटों से की गई है सरिया की सप्लाई**

जो 1100 टन सरिया भेजा गया है। उसमें 550 डी ग्रेड के 12 मिमी व्यास वाले करीब 120 टन टीएमटी बार और मर्चेंट मिल में उत्पादित समान ग्रेड वाले 32 मिमी व्यास के करीब 65 टन टीएमटी बार शामिल हैं। सेल से मिली जानकारी के मुताबिक राम मंदिर परियोजना के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की तमाम इकाइयों ने मिलकर अब तक लगभग 3500 टन सरिया की आपूर्ति की है। बीएसपी की मोडेक्स इकाई, बार एंड रॉड मिल में इसका उत्पादन किया गया है। ये स्थाई यांत्रिक गुणों और आईएस-1786 मानदंडों के मुताबिक उत्पादित अच्छी वेल्डेबिलिटी के उत्पाद हैं। इसे कम प्रयास से मोड़ा जा सकता है। यह सरिया लंबे समय तक कांक्रीट कवर की रक्षा करती है।

# पोस्टमॉर्टम करने वाली संतोषी को मिला राम लला का न्योता

## राम मंदिर ट्रस्ट ने भेजा, 700 शवों का कर चुकी हैं पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नर्स संतोषी दुर्गा को 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। वे पेशे से स्वीपर हैं और स्वास्थ्य सहायक के तौर पर काम रही हैं। संतोषी 20 साल में 700 से ज्यादा पोस्टमॉर्टम कर चुकी हैं।किशनपुरी निवासी संतोषी दुर्गा (35) 19 साल से नरहरपुर स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम का काम कर रहीं हैं। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से बुधवार को संतोषी को जब निमंत्रण मिला तो उसकी आंखों से आंसू छलक पड़े। वहीं स्थानीय लोगों ने भी संतोषी का सम्मान किया।

**सपने में भी नहीं सोचा था**



संतोषी ने कहा कि, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे अयोध्या से बुलावा आएगा। भगवान श्रीराम की कृपा से मुझे आमंत्रण पत्र भेज कर बुलाया गया है। भगवान श्रीराम के दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है।

**पिता की शराब की लत को छुड़ाने खुद शुरू किया काम**

संतोषी दुर्गा के पिता भी इसी स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में नौकरी करते थे। पोस्टमॉर्टम करते वक्त वो शराब का सेवन करते थे, जिसके चलते उन्हें नशे की लत हो गई। संतोषी दुर्गा जब उन्हें मना करती थीं, तो वह कहते थे शव का चीरफाड़ होशोहवास में नहीं हो सकता।

नगर निगम सदन में आधे दिन के हंगामे के बाद बनी सहमति

# पार्षद मद की बची 60 लाख की राशि जल्द होगी जारी






जबलपुर।

नगर निगम सदन की सामान्य सभा की बैठक के पहले दिन 80 फीसदी समय पार्षद मद की राशि के हंगामे में गुजर गया। बैठक की शुरुआत में पार्षद मद की शेष 60 लाख की अटकी फाईलों पर बहस शुरु हुई। जिसमें एक एक करके सभी पार्षद इस बात पर एकजुट होते गये कि पहले पार्षद मद की अटकी फाईलों पर बात हो फिर और कोई बात हो। बैठक की शुरुआत में ही नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने बोलना शुरु किया और कहा पहले यह तय किया जाए कि पार्षद निधि के काम कब से शुरु होंगे। इसके बाद किसी अन्य विषय पर बात होगी। नेताप्रतिपक्ष ने साफ किया यदि डेट नहीं बताई जाएगी तो पूरा विपक्ष धरने पर बैठेगा। जिसके बाद महापौर ने मोर्चा संभाला उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि आसंदी से जो व्यवस्था तय की जाएगी उसके अनुसार ही काम होगा। जिसके बाद अध्यक्ष रिंकू विज, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के बीच बैठक हुई और पार्षद मद की शेष राशिके काम इसी माह शुरु करने पर सहमती बनी। जिसके बाद सदन में विपक्ष ने सवाल खड़ा किया कि फाईलों पर हस्ताक्षर नगर निगम आयुक्त को करना है। इसके लिये पहले नगर निगम निगमायुक्त आए लिखित में दें या सदन में आकर तिथि बताएं। इस मांग के साथ विपक्ष धरने पर बैठ गया। अंत में महापौर ने नगर निगम अध्यक्ष के फोन से निगमायुक्त से बात की, पार्षद मद को लेकर स्थिति साफ होने के बाद नगर निगम सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। लेकिन पार्षद मद की तकरार के बीच शाम का 4.30 बज गया। जिसके बाद चर्चा शुरु हुई अन्य विषय पर पार्षदों ने अपनी बात रखना शुरु किया। गौरतलब है कि नगर निगम में अब पार्षद मद 90 लाख है, जारी वित्तीय वर्ष में सिर्फ 30 लाख तक के कार्य हुये थे और निगम की आर्थिक तंगी के चलते शेष फाईले अटक गई थीं। गुरुवार को हुई नगर निगम सदन की बैठक के बाद शेष 60 लाख रुपये जारी होने का रास्ता साफ हो गया।

## बंगले आओ काम कराओ

पेमेंट न होने के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। अग्रवाल ने कहा पूर्व में चलता था कि बंगले आओ पेमेंट कराओ, शायद आज भी यही चल रहा है। इसी लिये जिन ठेकेदारों ने 6 महीने पहले काम किया था, उनके पेमेंट हो गई, तो दूसरी तरफ 2 साल पहले जिन्होंने काम किया वो आज भी परेशान हैं। वहीं उन्होंने व्यंग्य कसते हुये कहा कि भाजपा ने एक मंत्री दिया और विकास कार्यों का एस्टीमेट बनने लगा। कांग्रेस ने दो मंत्री दिये थे, दोनों ने ख्याली पुलाव बनाते बनाते डेढ साल गुजार दिये थे।

## बरगी विधायक पहुंचे सदन

बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर नगर निगम सदन पहुंचे। उन्होंने कहा वे पार्टी और क्षेत्र की बंदिशों से ऊपर उठकर शहर विकास के लिये हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा शहर का सर्वांगीण विकास तब तक नहीं हो सकता जबतक पार्षद अधिकारियों और विधायकों के साथ साथ शहरवासी भी एकजुट न हों। उन्होंने सदन में आश्वासन दिया कि वे शहर विकास के लिये हमेशा मौजूद रहेंगे।



# बादल छटे अब पारा गिरेगा

## जारी रहेगी कड़ाके की ठंड

**जबलपुर।** बादल और कोहरे का धुंधासा छटने के बाद तापमान में अभी खास परिवर्तन नहीं देखा गया है। लेकिन एक से दो दिन में पारा नीचे लुड़केगा और ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि आसमान में छाए बादल पूरी तरह छट गये हैं। गुरुवार को दिन के तापमान में उछाल आई और धूप भी निकली जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली। अब मौसम साफ होन पर बादल उड़ गये हैं। ठंड अपने तेवर दिखाएगी, फिलहाल मौसम स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कड़ाके की सर्दी में जनजीवन प्रभावित हो गया है। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं तो वहीं रात सड़कों पर गुजारने वाले लोग अलाव के सहारे ठण्ड का सामना कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ठण्ड का दौर अभी कुछ दिनों तक जारी रहेगा। कड़ाके की ठण्ड से भले ही जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है, लेकिन किसान मौसम के इस मिजाज को खेतीबाड़ी के लिये अच्छा मान रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम ऐसा ही बना रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी और इल्ली और कीटों के प्रकोप से निजात मिलेगी। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य की दृष्टि से मौसम प्रतिकूल बना हुआ है। लगातार ठण्ड की ठिठुरन बने रहने से सर्दी खांसी निमोनिया के मरीज बढ़ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी हुई है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर भारत से आ रही वर्फीली हवाओं ने लोगों को कपकपाने के लिए मजबूर कर दिया है। दिन और रात का तापमान औसत से नीचे चल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 14.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 85 प्रतिशत और सायंकाल 61 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.43 बजे हुआ। उत्तर पूर्वी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला शिवपुरी रहा जहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया।



# पेंटीनाका से गोराबाजार तक खुले में चल रही मांस-मटन की दुकानें हटाई

जबलपुर।

खुले में मांस, मछली बेचने वालों पर गुरूवार को केंट बोर्ड और नगर निगम के संयुक्त अमले ने कार्रवाई की। यह कार्रवाई पेंटीनाका से लेकर गोराबाजार में की गई। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर बिना लाइसेंस के मांस विक्रय करने वाली दुकानों को हटाया। इस दौरान गोराबाजार मार्ग पर आवागमन में अवरोध पैदा करने वालें फल और सब्जी ठेलें वालों को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कही-कही वाद विवाद की स्थिति बनी लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के कारण विरोध काम नहीं आया। इस मार्ग को 80 फुट चौड़ा रखने और यहां जमे अतिक्रमण को हटाने के लिए मप्र हाईकोर्ट के भी सख्त निर्देश है। तो वहीं दूसरी और राज्य सरकार द्वारा हाल ही में खुले में मांस विक्रय करने वाली दुकानों को सख्ती से हटाने के निर्देश दिए है। जिसको ध्यान में रखते हुए लगातार केंट बोर्ड का अमला कार्रवाई कर रहा है। गुरुवार को गोराबाजार क्षेत्र से करीब आधा दर्जन मांस की दुकानों को हटाया गया। वहीं गोराबाजार से वायएमसीए चौक तक लगने वाले अघोषित सब्जी बाजार को भी हटाया गया। इस दौरान केंट बोर्ड के यंत्रिकी विभाग के अनुराग आचार्य, पलाश श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार,अतिक्रमण प्रभारी नितेश पटैरिया उपस्थित थे।

दो पटवारी निलंबित

# धान उपार्जन अनियमितता मामले में तत्कालीन एसडीएम और तहसीलदार को आरोप पत्र जारी

जबलपुर।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये कराये गये पंजीयनों के सत्यापन में अनियमित्ता बरतने के मामले में कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर सिहोरा के तत्कालीन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी धीरेन्द्र सिंह एवं प्रभारी तहसीलदार मंझौली आदित्य जंघेला को आरोप पत्र जारी किये गये हैं। पंजीयन के सत्यापन में अनियमितता के मामले में दो पटवारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पटवारियों में मंझौली तहसील के हल्का नम्बर एक, सात और दस का पटवारी राहुल पटेल एवं इसी तहसील के हल्का नम्बर 13 का पटवारी अभिषेक कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं। पंजीयन के सत्यापन में अनियमित्ता बरतने के मामले में विभागीय जांच भी संस्थित की गई है।अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड के मुताबिक पंजीयनों के सत्यापन के अनियमितता के मामले में आरोप पत्र जारी करने के पहले तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेन्द्र सिंह एवं मंझौली के प्रभारी तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किये गये थे। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर दोनों को विभागीय जांच से संस्थित कर आरोप पत्र जारी कर दिये गये हैं। जांच में दोषी पाये जाने पर इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। अपर कलेक्टर गौंड ने बताया कि निलंबित पटवारियों के विरूद्ध भी विभागीय जांच संस्थित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिहोरा अनुविभाग की मंझौली तहसील में बिना आवेदन एवं जरूरी दस्तावेजों के कई पंजीयन सिकमीनामा के आधार पर कर दिये गये थे। जिनके सत्यापन में राजस्व अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई थी।

## मुख्य न्यायाधीश मलिमठ ने किया इंडियन ला रिपोर्ट्स डाइजेस्ट का विमोचन

### हाई कोर्ट बार के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में हुआ आयोजन

**जबलपुर ।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ ने गुरुवार को इंडियन ला रिपोर्ट्स (आईएलआर) मध्य प्रदेश-2023 के वार्षिक डाइजेस्ट डाइजेस्ट का विमोचन किया। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में आयोजन के दौरान हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव परितोष त्रिवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे मंचासीन रहे। विशेष बात यह कि यह आयोजन 50 दिनों की कम अवधि के भीतर डाइजेक्ट विमोचन की श्रृंखला का तृतीय सोपान था। पांच-वार्षिक डाइजेस्ट का विमोचन 23 नवंबर, 2023 को, दो-वर्षीय डाइजेस्ट का विमोचन 18 दिसंबर, 2023 को और 2023 के वार्षिक डाइजेस्ट का विमोच 11 जनवरी, 2024 को किया गया।मुख्य न्यायाधीश मलिमठ ने तीन डाइजेस्ट के नेपथ्य में शामिल क्रियेटिव टीम के वैभव मंडलोई, प्रधान रजिस्ट्रार (आईएलआर), संजय अग्रवाल, सचिव (आईएलआर), रितेश कुमार घोष, मुख्य संपादक, (आईएलआर), मनोज श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार जनरल, हाई कोर्ट सहित अन्य को सम्मानित किया। दरअसल, इन सभी ने डाइजेस्ट की समय पर रिलीज सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जब मुझे 62 वर्ष की आयु पूरी होते ही हटा दिया था तो डा.श्रीकांत जोशी को क्यों नहीं

**वेटरनरी यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डा. जीपी पांडे ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर उठाया सवाल**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, वेटरनरी यूनिवर्सिटी, जबलपुर में डा.श्रीकांत जोशी के रजिस्ट्रार पद पर सेवानिवृत्ति आयु पूरी होने के बाद भी जमे होने को लेकर जवाब-तलब किया है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता वेटरनरी यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डा.जीपी पांडे की ओर से अधिवक्ता विवेक शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 की धारा 14 (3) में रजिस्ट्रार पद की रिटायरमेंट आयु 62 वर्ष है। लिहाजा, सवाल उठता है कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी के वर्तमान रजिस्ट्रार डा. श्रीकांत जोशी 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद भी रजिस्ट्रार पद पर क्यों कार्यरत हैं। इस अधिनियम के अनुसार शासन व्दारा नियुक्त रजिस्ट्रार 62 वर्ष की आयु के पश्चात रजिस्ट्रार पद पर कार्य नहीं कर सकता और वह रजिस्ट्रार पद से रिटायर हो जाएगा। दरअसल, इसीलिए याचिकाकर्ता, जो कि पूर्व रजिस्ट्रार था, उसे राज्य शासन द्वारा 62 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण रजिस्ट्रार पद से हटा दिया था। तब हाई कोर्ट ने शासन के फैसले को सही माना था। लेकिन डा. जोशी के मामले में न तो शासन ने और न ही वर्तमान कुलपति ने नियमों का पालन किया और तत्कालीन रजिस्ट्रार डा. जीपी पांडे के केस में माननीय न्यायालय के फैसले के विपरीत डा. जोशी को रजिस्ट्रार पद की रिटायरमेंट आयु पांच दिसंबर, 2022 को पूर्ण करने के बाद भी एक वर्ष से अधिक समय तक रजिस्ट्रार पर बनाए रखे हैं, जो नियमों का घोर उल्लंघन है। डा. जोशी ने जिन शिक्षकों कि नियुक्तियों के आदेश और ऐसे अन्य महत्वपूर्ण आदेश पांच दिसंबर, 2022 के बाद हस्ताक्षरित किए हैं, वे कठघरे में रखे जाने योग्य हैं।

# नगर निगम के ठेकेदार ने खुद को गोली मारी

## पेमेंट को लेकर थे परेशान अगले महीने है बेटी की शादी

जबलपुर।

गोहलपुर थाना अतंर्गत बधैया मोहल्ला निवासी नगर निगम में ठेकेदारी करने वाले 54 वर्षीय भगवान सिंह की लायसेंसी बंदूक की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई। सुबह 10 बजे के लगभग हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। भगवान सिंह ने गोली मारी या कोई हादसा हुआ। इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है। मौके से पुलिस ने सुसाईट नोट भी बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कह सकेंगे। मृतक के बेटे और आसपास के लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक भगवान सिंह नगर निगम के साथ-साथ रेलवे में ठेकेदारी करते है। नगर निगम में करीब 70 लाख रुपए का पेमेंट बकाया था। जिसको लेकर वे परेशान चल रहे थे। शादी व बेटे का उपचार करने में कठिनाई महसूस कर रहे थे। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस का कहना है कि



सदमे के कारण परिजन ज्यादा कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं। कुछ और भी कारण बताए जा रहे हैं। गोहलपुर टीआई राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि बधैया मोहल्ला शिवमंदिर के पास रहने वाले भगवान सिंह ठाकुर की दुनाली बंदूक से फायर कर खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई है। प्राथमिक जांच के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं, जिससे सुसाइड करने के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### जांच में जुटी गोहलपुर पुलिस

मृतक के साथी देवेंद्र ने बताया कि भगवान दास नगर निगम में सफाई ठेकेदार थे। विगत 7-8 महीनों से उनके 60 से 70 लाख के बिल एवं एफडी नगर निगम से न मिलने के कारण वे काफी परेशान चल रहे थे।

### 18 फरवरी को बेटी का विवाह

बताया जाता है कि 18 फरवरी को भगवान सिंह की बेटी का विवाह होना तय है। घर में शादी की तैयारी/खरीदी चल रही है। 2 दिन पहले ही कार्ड छपकर घर पहुंचे हैं।

### बेटे का इलाज कराने अहमदाबाद जाने की थी तैयारी

बेटा शिवा कुछ दिन से बीमार है। बेटे का उपचार कराने के लिए भगवान सिंह 14 जनवरी के बाद अहमदाबाद जाने की तैयारी कर रहे थे। आसपास रहने वालों लोगों ने बताया कि भगवान सिंह बहुत अच्छे व्यक्ति थे, उनका किसी से कभी कोई मनमुटाव नहीं था।

### इनका कहना है

बधैया मोहल्ला निवासी ठेकेदार भगवान सिंह की दुनाली बंदूक से गोली लगने के कारण मृत्यु हो गई। मौके से एक सुसाईड नोट भी बरामद किया गया है। सुसाईड नोट में क्या लिखा है इसको लेकर जांच होगी उसके बाद ही कुछ बता पायेंगे।

**राजबहादुर सिंह बघेल, थाना प्रभारी गोहलपुर**

बिजनेस साइट

## लार्ज और मिड कैप फंडः एक डायवर्सिफाई इक्विटी ऑफर

**जबलपुर।** लार्ज और मिड-कैप फंड की कैटेगरी, जैसा कि नाम से पता चलता है, एक ओपन-एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम है जो बाजार पूंजीकरण कंपनियों के दो सेटों- बड़े और मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करती है। यह एक डायवर्सिफाई योजना है जिसमें सभी क्षेत्रों में निवेश किया गया है और यह लार्ज और मिड-कैप आवंटन का एक बेहतर मिक्स प्रदान करती है।



मिथुन चक्रवर्ती
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, जबलपुर

लार्ज-कैप कंपनियों में एक्सपोजर पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करता है जबकि मिड-कैप की उपस्थिति भविष्य के लार्ज-कैप तक पहुंच प्रदान करती है, जिससे पोर्टफोलियो की विकास क्षमता काफी बढ़ जाती है। यद्यपि लार्ज-कैप की तुलना में मिड-कैप में जोखिम तत्व अपेक्षाकृत अधिक है। इसके साथ ही लार्ज और मिड-कैप योजना, अपनी उपयुक्त और समय पर आवंटन रणनीति के साथ, मजबूत जोखिम को एडजस्ट करते हुए रिटर्न प्रदान करने का प्रयास करती है।

अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने की चाहत रखने वाले निवेशक के लिए, लार्ज और मिड-कैप फंड के माध्यम से स्थिरता और विकास का कॉम्बिनेशन अच्छा संकेत है।

कैटेगरी के सेबी आदेश के अनुसार, फंड के कॉर्पस का न्यूनतम 35 प्रतिशत क्रमशः लार्ज और मिड-कैप दोनों में निवेश किया जाता है। बाजार मूल्यांकन के आधार पर, फंड मैनेजर के पास लार्ज/मिड-कैप व्यवसायों में हिस्सेदारी 65 प्रतिशत तक बढ़ाने की सुविधा होती है। अलग से, फंड अपने सामरिक निवेश दृष्टिकोण के एक हिस्से के रूप में, पोर्टफोलियो यील्ड को बढ़ावा देने के लिए स्मॉल-कैप कंपनियों में भी निवेश कर सकता है। हालांकि, यह कदम आम तौर पर तब उठाया जाता है जब स्मॉल-कैप क्षेत्र में मूल्यांकन बेहद आकर्षक हो जाता है। लार्ज और मिडकैप स्कीम की इस गतिशीलता को देखते हुए, जब फंड प्रबंधन की बात आती है, तो निवेशकों को लंबी अवधि में इक्विटी बाजार के संपूर्ण दायरे से लाभ होता है।

यह कैटेगरी फंड चुनिंदा रूप से स्थापित कंपनियों और कंपनियों के शेयरों को चुनता है जो बड़ी कंपनी बनने की सीढ़ी पर हैं। परिणामस्वरूप, न केवल अस्थिरता के कारण जोखिम काफी हद तक नियंत्रित होते हैं, बल्कि लंबी अवधि में रिटर्न का प्रस्ताव भी काफी अधिक होता है।

परिणाम के तौर पर, स्कीम्स की यह कैटेगरी लॉन्गटर्म वित्तीय लक्ष्यों के लिए एक विवेकपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करती है। इसलिए, इस स्कीम को चुनते समय कम से कम 5-7 वर्ष का कार्यकाल होना चाहिए। कैटेगरी में उपलब्ध विभिन्न ऑफर्स में से, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिडकैप फंड पूरे बाजार चक्र में स्थिर और बेहतर प्रदर्शन करने वालों में से एक है।

### अखंड रामायण, सुंदरकांड, भंडारे के आयोजन होंगे

# 3 दिन राममय रहेगा शहर घर-घर भगवा लहरायेगा

**जबलपुर।** आगामी 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में जबलपुर भी सहभागी रहेगा। प्राण प्रतिष्ठा भले ही प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रहेगी लेकिन उत्सव पूरे राष्ट्र सहित जबलपुर में भी मनाया जायेगा। नगर के सभी मठ मंदिरों द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयारी की जा रही है। शहर की हर गली, हर चौराहा और मंदिरों में विद्युत साज सज्जा की जाएगी। अखंड रामायण, सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है नगर में कार्यक्रम 20 जनवरी से शुरु हो जायेंगे।



#### बड़ी महाकाली में सजेगा भव्य दरबार

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ाफाटक कालीधाम में 21 जनवरी से भव्य आयोजन होंगे। तीन दिन के लिए पूरा क्षेत्र सजाया जाएगा। मंदिर प्रांगण में अंखड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। जिसके समापन पर 23 जनवरी को विशाल भंडारा अयोजित किया जाएगा। गत दिवस समिति की बैठक में विस्तार से कार्यक्रमों पर चर्चा की गई और रुपरेखा निर्धारित की गई। भव्य राम दरबार भी लगाया जायेगा। घर-घर भगवा ध्वज लहराए जायेंगे।

#### गोविंदगंज रामलीला की तैयारी

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत गोविंदगंज रामलीला समिति द्वारा चार दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि 20 जनवरी से प्रारंभ आयोजन 23 जनवरी तक चलेंगे। पहले दिन प्रो.हरिशंकर दुबे, जनार्दन शुक्ला, वासुदेव शास्त्री श्रीराम जन्म का आध्यात्मिक रहस्य विषय पर प्रवचन देंगे। 21 जनवरी को सभी पवित्र नदियों के जल से भरे कलश की प्राणप्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को इसी जल से भगवान का अभिषेक और राम जन्म सहित अन्य आयोजन हेंगे। जबकि 23 जनवरी को महाआरती भंडारा का आयोजन होगा। समिति के मंगू गोयल, राकेश पाठक, पिंटू तिवारी, विजय सरावगी, मनीष पाठक तैयारियों को अंतिम रुप दे रहे हैं।

#### मालवीय चौक में होगा सुंदर काण्ड एवं बैंड वादन

अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के लोकार्पण एवं रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज की सहभागिता से आगामी 22 जनवरी को सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ एवं बैंड की मधुर धुन की प्रस्तुति से राम स्तुति का कार्यक्रम एवं राम भोग के वितरण का आयोजन शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक में किया जाएगा, यह निर्णय समरसता सेवा संगठन की बैठक में लिया गया।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया हम सभी सौभाग्यशाली है कि 500 वर्षे की प्रतीक्षा के बाद भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजने वाले है और जैसा कि 22 जनवरी को पूरा देश राममय होगा तब संस्कारधानी में भी समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज की सहभागिता से सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ का संगीतमय आयोजन किया जाएगा साथ ही बैंड दल द्वारा संगीतमय धुनों की प्रस्तुति दी जायेगी।



# सोयाबीन बीजों के भण्डारण और गुणवत्ता में मिलेगी मदद : डॉ. संजय

### नवनिर्मित थ्रेसिंग फ्लोर का लोकार्पण एवं किसान संगोष्ठी

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली एवं बीज विज्ञान संस्थान मऊ (उ.प्र.) के सहयोग से 5 हजार क्विंटल क्षमता वाले ए.सी. डिह्यूमिडीफाइड बीज भण्डारण एवं थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण हेतु राशि प्रदान की गई थी, जो विश्वविद्यालय के पौध प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग के अंतर्गत प्रजनक बीज उत्पादन इकाई में निर्माण किया गया। नवनिर्मित अधोसंरचना का लोकार्पण डॉ. संजय कुमार, निदेशक, भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ (उ.प्र.) के मुख्य आतिथ्य एवं कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा, जनेकृविवि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने बताया की डिह्यूमिडीफाइड बीज भण्डारण के लोकार्पण से विश्वविद्यालय में उत्पादित सोयाबीन की विभिन्न किस्मों के बीजों के भण्डारण के साथ-साथ उनके गुणवत्ता को भी बरकरार रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने सोयाबीन की उत्पादन स्थिति पर प्रकाश डालते हुये नवनिर्मित अद्योसंरचना का महत्वपूर्ण उद्देश्य किसानों के बीच प्रस्तुत किया साथ ही आपने कहा कि भविष्य में अन्य फसलों हेतु इस तरह के भण्डारण विधि को अधिक प्रोत्साहन की जरूरत है।

## मॉडल रोड का नाम पूर्व महापौर पं. विश्वनाथ दुबे मार्ग किया जाए



जबलपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने एक ज्ञापन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को सौंपा, जिसमें यह माँग की गई कि मॉडल रोड जो कि पूर्व महापौर पं. विश्वनाथ दुबे जी के कार्यकाल में बनी थी वह आज भी अपनी गुणवत्ता के कारण पहचानी जाती है, पं. विश्वनाथ दुबे आज भी आम जनमानस के मन में अलग ही छवि रखते हैं, जब भी आम नागरिक मॉडल रोड से गुजरता है, तो वह पं. विश्वनाथ दुबे को याद करता है, उस याद को स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने के लिए जरूरी है कि मॉडल रोड का नाम विकास पुरूष पं. विश्वनाथ दुबे मार्ग के नाम से किया जाये। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, दीपक सिंह राजपूत, रूपलाल यादव, पिंकी ठाकुर, सुरेश ईअस्कर, डॉ. अशोक राय, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## राजश्री द्विवेदी बनी गाइड कमिश्नर



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड जबलपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील की अनुशंसा पर रेल अधिकारी राजश्री द्विवेदी मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर को रेल स्काउट गाइड संस्था का गाइड कमिश्नर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नीतेश कुमार सोने शचिपति नंदन, सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण अनिल चौबे, जिला सचिव संजीव तिवारी, सहायक जिला सचिव मीडिया प्रभारी श्रीमती सरिता ने बधाई दी।

## पेंशनर्स ने कलेक्टर से भेंट कर लंबित समस्याएं बताईं



**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने 11 जनवरी को जबलपुर जिले के नव आगंतुक कलेक्टर दीपक सक्सेना से सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पहारों से स्वागत किया एवं जबलपुर जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों सहित अन्य बिन्दुओं पर उनका ध्यानाकर्षण कराया। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में गतिशीलता लाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला शाखा अध्यक्ष एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडे, एके पिल्ले, राधारमण तिवारी, आरके श्रीवास्तव, एके शुक्ला, एसपी शुक्ला, बीएसपी गौर सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे। सभी ने कलेक्टर को शुभकामनाएं दी।

# हज़रत यक़ीन शाह दाता के उर्स पर निकला चादर जुलूस

**जबलपुर।** हज़रत, सैय्यद, बाबा यकीन अली दाता व हज़रत, सैय्यद, बाबा गुलाब अली शाह के उर्स मुबारक पर मुफ्ती-ए-आज़म जबलपुर हज़रत अल्लामा मौलाना इम्तियाज़ुल कादरी साहब की सरपरस्ती मे हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान के निवास से चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। घोड़ा नक्काश, मिलौनीगंज चौराहा, मछली मार्केट, यकीनया चौक से गश्त करते हुए यकीनया जामा मस्जिद स्थित मज़ार शरीफ़ पहुँचा । जहाँ परंपरानुसार चादर शरीफ व गुल पोशी की गई। इस दौरान हाजी हाफ़िज़ वकील अहमद, मौलवी रमज़ान अली, सरदार अयाज़ राईन, मतीन अंसारी, हाजी मक़बूल रज़वी, हाजी अफ़ज़ल राईन, एजाज़ राईन, असलम बाबा, सहित सैकड़ो अक़ीदतमंद शामिल रहे।



## आज नज़र आ सकता हैं माहे रज्जब का चाँद

**जबलपुर।** मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुर्हानी के अनुसार 12 जनवरी जुमा मुताबिक 29 जमादी उल आखिर को माहे रज्जब का चाँद नज़र आ सकता हैं । लिहाजा आज शाम मगरिब के वक़्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर मौलाना साहब के मोबा. 93022 56729, 9926315991 पर फौरन इत्तिला दें। ताकि राबता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का ऐलान किया जा सके।



## विश्व हिन्दी दिवस पर एक दिवसीय काव्यगोष्ठी आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'विश्व हिंदी दिवस' के पर एकदिवसीय संगोष्ठी एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो श्रीकृष्ण तिवारी के संयोजन में किया गया।कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता एंवसाहित्यकार प्रो अरुणा पांडे के सारस्वत आतिथ्य, साहित्यकार विजय बागरी,नारायण तिवारी,मुकेश त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 'हिंदी विषय की स्वीकार्यता' विषय पर व्याख्यान और द्वितीय सत्र में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की वैश्विक स्वीकार्यता को विस्तार से रेखांकित करते हुए हिन्दी भाषा के अनेक नवीन एवं छिपे हुए शब्दों से कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं एवं छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। सारस्वत अतिथी प्रो पांडे ने हिंदी भाषा की स्वीकार्यता के साथ साथ अन्य आधुनिक भाषा को भी सीखने पर बल दिया।



## मंदिरों व तीर्थक्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलायेगी भाजपा

**सिहोरा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसको श्रीराम मंदिर दर्शन-यात्राा प्रभारी शशांक श्रीवास्तव,पूर्व महापौर,कटनी व संभागीय प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष श्री सुभाष रानू तिवारी ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने विषय प्रस्तावना रखते हुए श्रीराम दर्शन यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दी। वहीं संभागीय प्रभारी ने अपने उद्बोधन में उपस्थितों को बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या में होने जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में आगामी 14 जनवरी से 21 जनवरी तक भाजपा कार्यकर्ता व सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों के आसपास स्थित मंदिरों व तीर्थक्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे।22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा आमजनों को दिखाया जाएगा। साथ ही मंदिरों व तीर्थक्षेत्रों में भजन-कीर्तन और प्रसादी-भंडारा वितरण का कार्यक्रम होगा। बैठक में मुख्यरूप से राजेश राय,राजेश दाहिया,राजकुमार पटेल,संदीप शुक्ला,पुष्पराज सिंह बघेल,कुमार नीरज,श्रीमति अलका गर्ग,राजमणि सिंह बघेल,मिलन सिंघई,मनोज पटेल,रुपेश पटेल,आनंद साहू,अभिजीत चौधुरी, भूपेंद्र पटेल सहित जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## जनपद अध्यक्ष रश्मि एवं एसडीएम अर्चना ने किया सतधारा मेला स्थल का निरीक्षण

### 14 से प्रारम्भ होगा क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला



**सिहोरा।** जीवनदायिनी पवित्र हिरण नदी की सात धाराओं के तट में लगने वाला सतधारा मेला मकर संक्रांति के पावन पर्ल पर 14 जनवरी से प्रारंभ होगा।प्राचीन संस्कृति की याद दिलाते आस्था के प्रतीक उक्त मेला सिहोरा,मझौली,बहोरीबंद,ढीमरखेड़ा तहसील के अलावा आसपास के जिलो से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंकर सतधारा के पावन तट पर आस्था की डुबकी लगाते हैं मेला आयोजन को सफल बनाने आयोजक संस्था जनपद पंचायत सिहोरा द्वारा की गई तैयारी का जायजा लेने गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी आई ए एस अर्चना कुमारी,तहसीलदार शशांक दुबे जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारियों ने ने मेला स्थल का जायजा लिया। उन्होंने मेला परसिर में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेला की व्यवस्था में संलग्न कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी अर्चना कुमारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मेला प्रांगण पॉलिथीन मुक्त रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे एवं पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाए इसके अलावा घाटों की तत्काल सफाई कराई जाए।



## श्रीविष्णु वराह कपः नागपुर 55 रनों से विजय

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप 2024 में आज तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला नागपुर और पुणे के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नागपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुणे की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई और 18.4 ओवर में 145 की योग पर ऑल आउट हो गई। नागपुर की टीम 55 रनों से विजय रही। शिवम देशमुख 75 रन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज का मुकाबला दिल्ली और एम एच जबलपुर के बीच खेला जाएगा।

### नाम सुधार

मै इकबाल बेग पिता महबूब बेग, उम्र 51 वर्ष, निवासी- 98, पठानी मोहल्ला बड़ी मस्जिद के पास, पनागर जिला जबलपुर म.प्र. 483220 का स्थाई निवासी हूँ (आधार कार्ड 445266581076) मेरे पासपोर्ट K4894507 मे मेरे नाम की गलत स्पेलिंग EKBAL BEG दर्ज हो गई है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग IQBAL BEG है जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। अब मुझे मेरे इसी नाम IQBAL BEG के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

सही नाम - IQBAL BEG
गलत नाम - EKBAL BEG

## निधन

**श्रीमती गिरजा द्विवेदी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री कृष्ण स्वरूप द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा द्विवेदी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अविनाश चंद्र हांडा-** दक्षिण सिविल लाइन निवासी श्री अविनाश चंद्र हांडा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामेश्वर प्रसाद पांडे-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद पांडे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री काशी दास-** प्रताप मार्केट के सामने माढ़ोताल दमोहनाका रोड निवासी श्री काशी दास (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला यादव-** सिविल लाइन पावर हाउस के पास निवासी श्री रामदास यादव की धर्मपत्नी श्रीमती विमला यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहरलाल झामनदास तोतलानी-** द्वारका नगर झामनदास चौक निवासी श्री मनोहरलाल झामनदास तोतलानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकली ठाकुर-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री कुंवर सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली ठाकुर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चिरोंजी बाई सोनकर-** छोटी ओमती सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री सीताराम सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती चिरोंजी बाई सोनकर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश तिवारी-** अशोक नगर अधारताल निवासी श्री सुरेश तिवारी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुलोचना कुशवाहा-** द्वारका नगर कछियाना मोहल्ला निवासी श्री शिव नाथ कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुलोचना कुशवाहा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. स्नेहा सिंह-** व्हीकल मड़ई स्थित बिहारी मोहल्ला निवासी श्री मनोज सिंह की पुत्री कु. स्नेहा सिंह (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश उर्फ भोला-** अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने गोरखपुर निवासी श्री राजेश उर्फ भोला (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार विगत दिवस गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रदीप कुमार गोंटिया-** बंगला नं. 3, जीसीएफ इस्टेट निवासी श्री लल्ला गोंटिया के पुत्र श्री प्रदीप कुमार गोंटिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश डुमार-** इंद्रा नगर बिलपुरा निवसी श्री सुरेश डुमार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि शंकर सोनी-** कोतवाली निवासी श्री रवि शंकर सोनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई तिवारी-** शाहीनाका गढ़ा निवासी श्रीमती सुंदर बाई तिवारी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विद्या देवी श्रीवास्तव-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री एसएच श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी श्रीवास्तव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## काष्ट कला के लिए मशहूर है कुम्ही मेला

**सिहोरा ।** तहसील से करीब 20 किलोमीटर दूर हिरन नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुम्ही सतधारा में लकड़ी से बनी चीजों का अनूठा मेला लगता है। मकर संक्रांति पर लगने वाले मेला की परंपरा करीब 300 साल पुरानी है। जिसमें अंचल से भारी संख्या में लोग खरीददारी करने आते हैं। मेला में लकड़ी के तख्त, दरवाजे, खिड़कियों से लेकर बेलन,चौकी सहित गृहस्थी और साज-सज्जा की सारी चीजें बेची जाती हैं।हिरन नदी के सतधारा घाट पर लगने वाला विशाल मेला लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में आयोजित किया जाता है।जिसमें दूर-दूर से आकर लोग अपनी दुकानें लगाते हैं। 1932 में ब्रिटिश शासन के अधीन लोकल बोर्ड इसका आयोजन कराने लगा। कुछ समय तक पंचायत इसका आयोजन कराती रही। बाद में जनपद पंचायत प्रशासन को मेला की जिम्मेदारी सौंपी गई। अब जनपद हर वर्ष मेला का आयोजन कराती है।इस अवसर पर जनपद सदस्य सरोज हर प्रसाद राय मोहन मिश्रा सरपंच कुम्ही,मेला अधिकारी विनोद तिवारी,उमेश तंतुवाय के,के.पटेल, सतीश अवस्थी सहित पंचायतों के अनेक सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री सुनील पिनयानी के द्वारा आधिकृत होकर सर्व साधारण को यह सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार एवं श्रीमति बबली मिश्रा पत्नि श्री महेन्द्र मिश्रा, निवासी ग्राम पिपरिया कलां, तहसील व जिला जबलपुर के मध्य, मौजा पिपरिया कलां, प.ह.न. 51/78, रा.नि.म. खम्हरिया स्थित खसरा नंबर 143, रकवा 0.96 हेक्टेयर को क्रय का विक्रय अनुबंध दिनांक 01.05.2023 को निष्पादित किया जा चुका हैं जिसमें से 16,50,000/- रुपये की राशि का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती बबली मिश्रा को कर दिया गया है एवं शेष राशि का भुगतान करने हेतु भी मेरा पक्षकार तैयार व तत्पर है परन्तु विक्रेता द्वारा विक्रय पत्र निष्पादित करने में हीला-हवाली की जा रही है जिससे मेरे पक्षकार को यह आशंका है कि विक्रेती द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय किसी अन्य व्यक्ति को किया जा सकता है जबकि उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं है इसलिये सर्व साधारण सूचित हो कि कोई भी व्यक्ति व संस्था उपरोक्त सम्पत्ति को कय ना करे अन्यथा उन्हें उक्त सम्पत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा एवं किये जाने वाले ऐसे कोई भी समव्यवहार को सक्षम न्यायालय में चुनौती दी जावेंगी जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की जवाबदारी उक्त व्यक्ति / संस्था की होगी।

**सचिन जैन अधिवक्ता**
662/1शहीद स्मारक रोड, गोलबाजार, जबलपुर
दिनांक- 11.01.2024 मो. 9303330765

# 'शेड्यूल-एम' के नियम से भारत में महंगी हो सकती हैं दवाइयां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है। सस्ती दवाइयां बनाने में भारत का कोई सानी नहीं, लेकिन आने वाले दिनों में ये हकीकत बदल सकती है। देश में लोगों के इलाज का खर्च बढ़ सकता हैं, क्योंकि दवाइयों की कीमत बढ़ने के आसार हैं।

- देश की कई छोटी और मझौली कंपनियों पर लटकी तलवार

दरअसल दवाओं की सप्लाई शॉर्ट होने से कुछ समय बाद इनकी कीमतों में तेजी आने की संभावना है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवा कंपनियों के लिए कुछ नियम बनाए हैं, जो उनके फैक्टरी चलाने के मानक तरीकों से जुड़े हैं। इन नियमों की वजह से देश में सस्ती दवाएं बनाने वाली कई छोटी कंपनियों पर फैक्टरी बंद करने की तलवार लटक रही है।

## दवा कंपनियों के कामकाज करने के तरीकों को लेकर नियमों में संशोधन

### सरकार ने अनिवार्य किए नियम

पिछले साल जुलाई में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने साफ किया था कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम (एमएसएमई) दवा कंपनियों के लिए 'शेड्यूल-एम' अनिवार्य किया जाएगा। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जो कंपनियां सालभर में 250 करोड़ से अधिक का टर्नओवर करती हैं, उन्हें 1 अगस्त 2023 तक इन नियमों का पालन करना है। जबकि छोटी कंपनियों को एक साल का वक्त मिलेगा।



### होगी दवाओं की कमी

इससे देश की कई छोटी और मझोली दवा कंपनियों पर बंद होने की तलवार लटक रही है। उन कंपनियों के पास इतने संसाधन ही नहीं है कि वह इनमें से कई नियमों का पालन कर सकें। ऐसे में दवाओं की शॉर्टेज होना लाजिमी है। ये दवाओं की कीमत बढ़ाने का काम करेगा।

### अपग्रेडेशन के लिए चाहिए पूंजी

इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संगठन 'लघु उद्योग भारती' के हवाले से कहा है कि छोटे स्केल की दवा कंपनियों के लिए 'शेड्यूल-एम' लागू करना मुश्किल काम है। कंपनियां क्वालिटी पर नियमों का पालन कर सकती हैं, लेकिन अपग्रेडेशन करने के लिए पूंजी चाहिए। ऐसे में कई कंपनियां को अपना कारोबार बंद करना होगा।

### स्वास्थ्य मंत्रालय के नियमों ने बढ़ाई चिंता

स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल में दवा फैक्टिरयों के काम-काज करने के तौर तरीकों को लेकर बनाए गए संशोधित नियम 'शेड्यूल-एम' का नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें बताया गया है कि दवा कंपनियों के पास कितना बड़ा दफ्तर हो, कितनी बड़ी फैक्टरी हो, कौन से प्लांट और कौन से इक्विमेंट इस्तेमाल करने चाहिए। इन सबकी डिटेल दी गई है। साथ ही दवा उत्पादन के लिए अच्छी प्रैक्टिस कौन सी हैं, उनकी जानकारी भी दी गई है। इतना ही नहीं दवा कंपनियों को हर साल क्वालिटी रिव्यू और क्वालिटी रिस्क मैनेजमेंट का रिव्यू भी करना होगा।

## संपत्ति लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना

# सरकार की 84 कंपनियों में 'शत्रु संपत्ति' शेयर बेचने की योजना

- सरकार पाक और चीन जाने वालों की संपत्ति का निपटान चाहती है
- 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक शत्रु संपत्ति
- पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में 1.88 लाख शेयर बेचेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक 'शत्रु संपत्ति' शेयरों को लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना बना रही है। सरकार का इरादा पाकिस्तान और चीन जाने वाले व्यक्तियों की संपत्ति का निपटान करना है। एक सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में करीब 1.88 लाख शेयर बेचने पर विचार कर रही है।

उसने 10 श्रेणियों के खरीदारों से आठ फरवरी तक बोलियां आमंत्रित की हैं, जिनमें व्यक्तिगत लोग, एनआरआई, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), न्यास और कंपनियां शामिल हैं। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले (ज्यादातर 1947 और 1962 के बीच) लोगों द्वारा छोड़ी गई संपत्ति को 'शत्रु संपत्ति' कहा जाता है। प्रस्तावित शेयर बिक्री देश में 'शत्रु संपत्ति' के निपटान की सरकार की पहल का हिस्सा है।

### आरक्षित मूल्य से नीचे की बोली अस्वीकार होगी

खरीदारों को उन शेयरों के लिए बोली लगानी होगी जिन्हें वे खरीदना चाहते हैं और सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से नीचे उद्धृत किसी भी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। आरक्षित मूल्य की जानकारी संभावित बोलीदाताओं को नहीं दी जाएगी। भारत के शत्रु संपत्तियों के संरक्षक (सीईपीआई) के पास 84 कंपनियों के 2,91,536 शेयर हैं।



### सरकार 2709 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर बेच चुकी

एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को सीईपीआई द्वारा रखे गए शेयरों की बिक्री के लिए मर्चेंट बैंकर और सेलिंग ब्रोकर के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने पिछले महीने संसद को सूचित किया था कि देश में शत्रु संपत्तियों के निपटान की पहल के तहत सरकार द्वारा 2,709 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे गए हैं।

### 2,91,536 शेयर बेचने का प्रस्ताव

सार्वजनिक नोटिस में, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने कहा, "भारत सरकार ने 84 कंपनियों के 2,91,536 शेयर बेचने का प्रस्ताव रखा है। इसमें चुनिंदा 20 कंपनियों और 1,87,887 शेयरों के नाम भी सूचीबद्ध किए गए हैं जिन्हें विनिवेश करने का प्रस्ताव है।

### खरीदारों को बोलियां जमा करनी होगी

दीपम के अनुसार, इच्छुक खरीदारों को अपनी बोलियां जमा करनी होंगी, जिसमें एक निर्दिष्ट फॉर्म में उन कंपनियों के शेयरों की संख्या और संबंधित शेयरों के लिए बोली मूल्य की जानकारी देनी होगी। सरकार इनमें से प्रत्येक कंपनी के शेयरों के लिए एक आरक्षित मूल्य तय करेगी जिसका खुलासा नहीं किया जाएगा। आरक्षित मूल्य से कम मूल्य पर प्रस्तुत मूल्य बोलियां खारिज कर दी जाएंगी।

### वैध बोलीदाताओं को होंगे शेयर आवंटित

दीपम ने कहा, "भारत सरकार की मंजूरी पर मूल्य प्राथमिकता के आधार पर वैध बोली जमा करने वाले पात्र बोलीदाताओं को शेयर आवंटित किए जाएंगे। सीईपीआई के तहत शत्रु शेयरों के निपटान की प्रक्रिया और तंत्र को आठ नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी।

# नई प्रौद्योगिकी के लिए शुल्क ढांचा हो तर्कसंगत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- बीएमडब्ल्यू ने कहा, तेजी से स्वीकार्यता के लिए ढांचा तर्कसंगत हो
- नई कंपनियों के लिए समान अवसर पर दिया जोर

इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसी नई प्रौद्योगिकियों की तेजी से स्वीकार्यता के लिए शुल्क ढांचे का तर्कसंगत होना महत्वपूर्ण है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

पावाह ने मौजूदा और साथ ही देश में प्रवेश करने के इच्छुक नई कंपनियों के लिए कराधान के मामले में समान अवसर पर जोर दिया। पावाह ने यहां कहा, 'सरकार से हमारा हमेशा से यह कहना रहा है कि यदि आप नई प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाना चाहते हैं और फिर स्थानीयकरण चाहते हैं, तो शुल्क ढांचे को कुछ तर्कसंगत बनाने की जरूरत है।'

पावाह ने कहा कि यदि शुल्क कम होते हैं, तो इससे कंपनियां ग्राहक को उत्पाद सही कीमत पर पेश कर सकती हैं। पावाह ने कहा कि मांग पैदा होने के बाद उत्पादों का स्थानीयकरण किया जा सकता है जैसा कि बीएमडब्ल्यू देश में परिचालन शुरू करने के बाद से कर रही है।

### आयातित कारों पर 60-100 फीसदी का कर लगता है

वर्तमान में पूर्ण निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयातित कारों पर 60-100 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता है। अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी को कुछ रियायतें देने पर बातचीत के बारे में पूछे जाने पर पावाह ने कहा, हम किसी भी प्रकार के अधिमान्य समाधान का सुझाव नहीं देते हैं। सभी के लिए एक समान अवसर होना चाहिए, चाहे वह नया खिलाड़ी हो, या बाजार में पिछले दो दशक से हो।

# इंफोसिस का तीसरे तिमाही में लाभ घटा, टीसीएस को फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- इंफोसिस का लाभ घटकर 7.3 फीसदी रहा
- टीसीएस को 8.2 प्रतिशत का शुद्ध लाभ हुआ

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर, 2023 में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 7.3 प्रतिशत घटकर 6,106 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 6,586 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय हालांकि 1.3 प्रतिशत बढ़कर 38,821 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 38,318 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने राजस्व वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 1-2.5 प्रतिशत से 1.5-2 प्रतिशत कर दिया है। कंपनी के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने बेंगलुरु स्थित सेमीकंडक्टर डिजाइन सेवा प्रदाता इनसेमी का करीब 280 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन्फोसिस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इनसेमी का अधिग्रहण वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

### टीसीएस का शुद्ध लाभ 8.2 प्रतिशत बढ़ा

देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) का शुद्ध लाभ 8.2 प्रतिशत बढ़कर 11,735 करोड़ रुपये रहा है।

### कंपनी के कारोबार में चार फीसदी का इजाफा

टीसीएस ने कहा कि भारत की अगुवाई में उभरते बाजारों में दहाई अंक की मजबूत वृद्धि के कारण समीक्षाधीन तिमाही में उसका कारोबार भी चार प्रतिशत बढ़कर 60,583 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बयान में कहा कि कारोबार में कुल वृद्धि ऊर्जा, संसाधन और उपयोगिताओं, विनिर्माण, जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण रही।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अब तक 19 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध रूप से 19.41 प्रतिशत बढ़कर 14.70 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने प्रत्यक्ष कर से चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 18.23 लाख करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 16.61 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 9.75 प्रतिशत अधिक है। प्रत्यक्ष कर में व्यक्तिगत आयकर और कंपनी कर शामिल हैं।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा, "रिफंड के बाद प्रत्यक्ष कर संग्रह शुद्ध रूप से 14.70 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में वसूले गये प्रत्यक्ष कर संग्रह के मुकाबले 19.41 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट में निर्धारित प्रत्यक्ष कर अनुमान का 80.61 प्रतिशत है।" आयकर विभाग के अनुसार, एक अप्रैल, 2023 से 10 जनवरी, 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाये गये हैं। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह में 10 जनवरी, 2024 तक लगातार वृद्धि हुई है।




- संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपए रहा
- यह बजट लक्ष्य का 81 प्रतिशत रहा

### सकल रूप से कर संग्रह 17.18 लाख रुपए

सकल रूप से कर संग्रह 17.18 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 16.77 प्रतिशत अधिक है। सकल कंपनी आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर में वृद्धि क्रमशः 8.32 प्रतिशत और 26.11 प्रतिशत रही है।

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश बीते वर्ष छह गुना बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सोने में निवेश से जुड़े वित्तीय उत्पाद गोल्ड एक्सचेंज ट्रेड फंड (ईटीएफ) में निवेश बीते वर्ष इससे पिछले साल की तुलना में छह गुना होकर 2,820 करोड़ रुपये रहा। निवेशक उच्च महंगाई दर, इसे काबू में लाने के लिए ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस परंपरागत निवेश उत्पाद को तरजीह दे रहे हैं। म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ के अंतर्गत संपत्ति आधार और निवेशकों के खातों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। गोल्ड ईटीएफ, एक्सचेंज में कारोबार वाला कोष (ईटीएफ) है। यह घरेलू भौतिक सोने के भाव पर नजर रखता है।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 63 अंक और चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- टीसीएस व इंफोसिस के परिणाम से निवेशक सतर्क

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। कारोबार के दौरान बाजार में अच्छी तेजी थी लेकिन प्रमुख आईटी कंपनियों टीसीएस और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिका में बृहस्पतिवार को और भारत में शुक्रवार को जारी होने वाले महंगाई और अन्य आर्थिक आंकड़े से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.47 अंक चढ़कर 71,721.18 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 28.50 अंक की बढ़त के साथ 21,647.20 अंक पर बंद हुआ।

### रिलायंस रही लाभ में

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### इंफोसिस, विप्रो रही नुकसान में

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, विप्रो, लार्सन एंड टुब्रो और नेस्ले शामिल हैं।

## बीएमडब्ल्यू इंडिया ने 22,940 इकाइयां बेची



**नई दिल्ली।** जर्मनी के वाहन निर्माता समूह बीएमडब्ल्यू ने 2023 में भारत में 22,940 इकाइयों की लक्जरी कार और मोटरसाइकिल की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। कंपनी ने 2023 में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड की कुल 14,172 इकाइयां बेचीं, जबकि मोटरसाइकिल (बीएमडब्ल्यू मोटरराड) की 8,768 इकाइयां बेचीं। कंपनी की बिक्री 2022 में 19,263 इकाइयों की तुलना में पिछले साल 19 प्रतिशत बढ़ी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा, '2023 बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के लिए रिकॉर्ड कमाई वाला वर्ष रहा। तीनों ब्रांड 'बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटरराड' की अभी तक की सबसे अधिक इकाइयां बेची गईं। उन्होंने बताया कि बीएमडब्ल्यू आईएक्स भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन रहा। पावाह ने बताया कि समूह 2024 में दो ईवी और छह बाइक सहित 13 कार पेश करेगा।

## एनपीसीआई का कोई प्रतिद्वंद्वी होने से गुरेज नहीं

# यूपीआई दुनिया की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली : दास

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कुछ हलकों की उस आलोचना को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया कि जिसमें दावा किया गया था कि यूपीआई की भारी सफलता के बाद इसके निर्माता एनपीसीआई का 'एकाधिकार' हो गया है।

- यूपीआई की भारी सफलता के बाद इसके निर्माता का हुआ एकाधिकार

दास ने इस बात पर जोर दिया कि भुगतान ऐप के बढ़ने की अधिक गुंजाइश है और यह विश्व में अग्रणी बन सकती है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई बेहद सफल रहा है। यह सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कुछ देशों में पहले से ही चालू है।

### डिजिटल रुपए पर काम जारी

सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पर एक सवाल के जवाब में दास ने कहा कि आरबीआई डिजिटल रुपये की 'प्रोग्रामेबिलिटी' पर काम कर रहा है ताकि इसका इस्तेमाल सरकारी सब्सिडी या नकदी जैसे विशिष्ट भुगतानों के लिए किया जा सके।




### आए प्रस्ताव में कुछ नया नहीं

हालांकि, उन्होंने कहा कि आरबीआई को एनपीसीआई का प्रतिद्वंद्वी होने से कोई गुरेज नहीं है और वास्तव में उसने इसके लिए आवेदन मांगे थे, लेकिन उनके पास जो भी प्रस्ताव आए हैं उनमें से किसी में भी कुछ नया नहीं है।

### कई माह पहले 100 अरब का आंकड़ा पार

देश में इसका मासिक लेनदेन कई महीने पहले 100 अरब का आंकड़ा पार कर गया था। आरबीआई अन्य देशों के और केंद्रीय बैंकों के साथ भी चर्चा कर रहा है। इस आलोचना को खारिज करते हुए कि आरबीआई और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित एनपीसीआई एकाधिकार बन गया है, दास ने कहा कि यह सबसे बेहतरीन मंच है।

### अब तक की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली

दास ने बिजनेस दैनिक समाचार पत्र 'मिंट' द्वारा आयोजित बीएफएसआई संगोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'यूपीआई पहले से ही एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बन चुका है। वास्तव में इसे और बढ़ना है। मैं कहूंगा कि यह दुनिया की अभी तक की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है और मैं चाहता हूं कि यह विश्व में भी अग्रणी बने।'

## गूगल ने सैकड़ों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया




**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने लागत में कटौती के उपायों के तहत अपनी हार्डवेयर, वॉयस असिस्टेंस और इंजीनियरिंग टीम में काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह छंटनी इसलिए की गई है क्योंकि 'गूगल कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं और आगे आने वाले महत्वपूर्ण अवसरों में जिम्मेदारी से निवेश करने की ओर अग्रसर है।' कुछ टीमें इस प्रकार के संगठनात्मक परिवर्तन करना जारी रख रही हैं। इसमें विश्वस्तर पर कुछ पद समाप्त करना शामिल है।"

## खबर संक्षेप

### भारत-जापान कोष महिंद्रा एंड महिंद्रा में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** भारत-जापान कोष वाहन बनाने वाली घरेलू कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की इकाई महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बयान में कहा कि भारत-जापान कोष (आईएजेएफ) 6,600 करोड़ रुपये तक के मूल्यांकन पर 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

### कामिनेनी के लिए कल्याणी स्टील्स सफल बोलीदाता



**नई दिल्ली।** कल्याणी समूह की इकाई कल्याणी स्टील्स लि. परिसमापन के तहत कामिनेनी स्टील एंड पावर इंडिया की संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है। कल्याणी स्टील्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अधिग्रहण के लिए 450 करोड़ रुपये का नकद भुगतान किया जाना है।

### आईपीएम की 100 पेट्रोल पंप खोलने की योजना



**गुवाहाटी।** ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। अपना कारोबार असम से शुरू करेगी। दिल्ली की कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है।

### सोना 63,150 रुपए पर स्थिर, चांदी में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। चांदी की कीमत भी 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

### ओजोन फार्मा का 1000 करोड़ कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** ओजोन फार्मास्युटिकल्स का अगले तीन साल में 1,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य है। इसके अलावा कंपनी ने 'मॉलिक्यूल पहल' की पेशकश की है और इसका दुनिया की प्रमुख दर्द प्रबंधन कंपनियों में शुमार होने का लक्ष्य है। अगले तीन साल में खुद को भारत की शीर्ष 20 औषधि कंपनियों में शामिल कराने का लक्ष्य है।

### अप्रावा एनर्जी को एनएचपीसी से मिला सौर ऊर्जा का ठेका



**नई दिल्ली।** अप्रावा एनर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी लिमिटेड से 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। अप्रावा को पहली बार ग्रीनफील्ड सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। राजस्थान में अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली से जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका दिया गया है। अप्रावा एनर्जी के प्रबंध निदेशक राजीव रमजान मिश्रा ने बयान में कहा, 'हम राजस्थान में मिली इस परियोजना के साथ अपने सौर ऊर्जा खंड को मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं।

चिंतन

# मजबूत हुए ब्रिटेन के साथ भारत के सामरिक संबंध

सरकार भारत और ब्रिटेन के संबंध लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। ऋषि सुनक के पीएम बनने के बाद ही कूटनीतिक हलके में अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों देशों के बीच ट्रेड, सामरिक साझेदारी और ग्लोबल मुद्दों पर समन्वय बढ़ेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा का सामरिक महत्व काफी अधिक है। भारत के साथ दोस्ती दिखाते हुए ब्रिटेन हिंद महासागर में अपने युद्धपोत भेजकर तैनात करेगा। इससे चीन की टेंशन बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन दौरे के दौरान इस बात पर सहमति बनी है। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच सुदृढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। सीआरजी की पहली तैनाती 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हुई थी, जहां इसने भारतीय बलों के साथ संयुक्त अभ्यास किया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम तैनाती इस सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा के दौरान बढ़ी हुई साझेदारी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आने वाले वर्षों में ब्रिटेन और भारत अपनी-अपनी सेनाओं के बीच और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे। इसके तहत, 2030 के अंत से पहले एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभ्यास करेंगे, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के साझा लक्ष्यों का समर्थन करेंगे।' यह भारत और ब्रिटेन के लिए वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के व्यक्ति के उत्थान के साथ द्विपक्षीय संबंधों हेतु रोडमैप 2030 को लागू करने का एक अवसर है।.भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन का दृष्टिकोण केवल भारत में वस्तुओं को बेचने के अवसर से, काफी आगे निकल गया है, और अब ब्रिटेन को भी ₹भारत से सीखना₹ चाहिए। भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के रोडमैप पर भी लंबे समय से वार्ता हो रही है। दोनों मुल्कों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह (बाहरी तथा आवक दोनों) में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिये अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए भारत के साथ एफटीए होना होना 'ग्लोबल ब्रिटेन' की उसकी महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगा क्योंकि यूके 'ब्रेक्जिट' के बाद से यूरोप से परे भी अपने बाज़ारों के विस्तार की आवश्यकता तथा इच्छा रखता है। भारत-ब्रिटेन साझेदारी आज के वैश्विक हालात में बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी जगह सुदृढ़ करने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के सहयोग के बिना संभव नहीं है। भारत के लिए हिंद प्रशांत में यूके एक क्षेत्रीय शक्ति है क्योंकि इसके पास ओमान, सिंगापुर, बहरीन, केन्या और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक सुविधाएँ हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ब्रिटेन यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नई सामरिक व कूटनीतिक गर्मी आएगी।

# विवेकानंद के सपने हो रहे साकार



युवा दिवस
शिव प्रकाश


स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत काल की इस बेला में प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें।

कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के परिवार में 12 जनवरी 1863 को एक बालक का जन्म हुआ।भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। इस बालक को प्रेम से परिवार के सभी लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ।

गुलामी के कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य किया। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन की एक घटना का उल्लेख किया, "मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ।" अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी,जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद जी से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है।

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है।




स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हों। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञानमहाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है।

स्वामी विवेकानंद जी गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रि भर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि "दरिद्र देवो भव"। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा,"इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्ठियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की जरूरतों की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की। स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं के लिए कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है। गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था "गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ, क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है।"

समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे–छोटे शिल्पकार हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा है। इनमें बढ़ई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी-पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उनके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्म सभा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा था -
रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषां।
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।
समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में "जान भी जहान भी" के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में "वसुधैव कुटुंबकम" का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है। स्वामी विवेकानंद जी का यह आह्वान "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"को मोदी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। विवेकानंद को यही श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
आशीष वशिष्ठ



# मालदीव प्रकरण से समझिए बदलते भारत का चरित्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालिया लक्षद्वीप यात्रा में स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिए चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन में बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिए। ये काम एक ऐसे पड़ोसी देश की मंत्री और नेताओं की तरफ से किया गया, जिसका साथ भारत ने कई बार मुश्किल वक्त में दिया है। शायद यही वजह थी कि कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव और एक्सपलोर लक्षद्वीप ट्रेंड करने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन की यात्रा पर रवाना होने से पहले ही भारत और मोदी विरोधी टिप्पणी करने वाले तीन मंत्रियों की छुट्टी करते हुए विवाद को ठंडा करने का प्रयास किया किंतु तब तक उसे जो नुकसान होना था वह तो हो ही चुका था। भारत में जिस तेजी से मालदीव के बहिष्कार और लक्षद्वीप के प्रति उत्सुकता उत्पन्न हुई उसने मालदीव की अकड़ ढीली कर दी। वैसे भी प्रधानमंत्री जहां जाते हैं वहां की खूबियों का बखान करना नहीं भूलते। कुछ समय पहले वे उ.प्र के पिथौरागढ़ में स्थित आदि कैलाश गए थे जहां से तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत नजर आता है। उनकी इस यात्रा के चित्र प्रसारित होते ही आदि कैलाश एक नए पर्यटन केंद्र के तौर पर प्रसिद्ध हो गया।

बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड होने के साथ ही मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों द्वारा यात्रा रद होने की खबरें आने लगीं। इसी के साथ ही लक्षद्वीप के प्रति जबरदस्त रुझान देखा जाने लगा। अनेक अभिनेताओं और प्रमुख हस्तियों द्वारा मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को प्राथमिकता देने की अपील किए जाने से मुइज्जू सरकार सकते में आ गई। भारत सरकार ने भी उनके राजदूत को बुलाकर कड़े शब्दों में समझा दिया। सबसे बड़ी बात ये हुई कि मालदीव के भीतर ही नए राष्ट्रपति के भारत विरोधी रवैए की आलोचना शुरू हो गई।

हिन्द महासागर में स्थित द्वीपनुमा देश मालदीव की मुख्य आय पर्यटन है। यहां के समुद्र तट बेहद खूबसूरत हैं। चूंकि भारत से यह देश करीब है इसलिए यहां से प्रतिवर्ष लाखों सैलानी मालदीव घूमने जाते रहे हैं। अनेक भारतीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। अपने चुनाव प्रचार में 'इंडिया आउट' का नारा देने वाले चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों पर सवाल उठे हैं, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर दोनों देश के बीच दोस्ताना संबंध रहे हैं। मालदीव के पूर्ववर्ती राष्ट्रपति मोहम्मद सोलिह खुलकर भारत के साथ थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने चुनाव जीतने के साथ ही वहां मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग कर डाली। दरअसल, वहां कुछ ऐसे काम चल रहे हैं जिनके कारण भारतीय सेना के कुछ लोग मालदीव में हैं। हेलीकॉप्टर एवं कुछ अन्य उपकरणों के संचालन के लिए दोनों देशों में हुए समझौते के अंतर्गत वे सैनिक वहां पदस्थ हैं । हालांकि ये संख्या इतनी बड़ी नहीं कि उसके आंतरिक मामलों में दखल दे सके। मुस्लिम बहुल मालदीव के साथ भारत के रिश्ते काफी अच्छे रहे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मालदीव की स्थिरता, सक्रियता, लोकतंत्र और बुनियादी अर्थव्यवस्था सिर्फ भारत के कारण ही है। हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है। मालदीव ने पानी मांगा, तो भारत ने उसकी प्यास बुझाई। मालदीव को भूख लगी, तो खाना और अनाज मुहैया कराए गए, आर्थिक मदद ही नहीं की गई, बल्कि 2023-24 के बजट में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, ताकि चालू परियोजनाएं जारी रह सकें। बागियों ने लोकतंत्र का अपहरण कर तख्तापलट करना चाहा, तो भारत ने सैन्य सहायता भेजकर मालदीव की सुरक्षा और स्थिरता तय की। मालदीव में 30 फीसदी डॉक्टर और 25 फीसदी शिक्षक 'भारतीय' हैं। वहां के 2200 से अधिक लोक सेवकों, नौकरशाहों, तकनीशियन, न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों और सार्वजनिक प्रसारकों को भारत ने ही प्रशिक्षण देकर तैयार किया है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान टीके की एक लाख से अधिक खुराकें भी भारत ने ही मुहैया कराईं। भारत नियमित तौर पर दवाइयां, फल और सब्जियों की आपूर्ति भी करता है, ताकि वहां खाद्य संकट न आए।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *-स्वामी विवेकानंद*

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### पर्यटन का सरताज है हमारा देश


हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के पर्यटक स्थल लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा कर बहुत अच्छा काम किया। अगर इससे मालदीव के कुछ मंत्रियों को मिर्ची लगी और इस बौखलाहट में आकर हमारे देश के प्रति बेतुका बयानबाजी की, तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। मालदीव एशिया का सबसे छोटा देश है, जबकि हमारा देश एक बहुत बड़ा देश पर्यटन की दृष्टि से भी है। हमारे देश में पर्यटन स्थलों का भंडार है और यहां दुनिया के लगभग सभी देशों से सालभर पर्यटक आते रहते हैं। हमारे देश में प्रकृति की खूबसूरती के साथ-साथ यह देवभूमि भी है। मालदीव को यह भी याद रखना चाहिए कि सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में जरूर निर्भर हैं, यह चाहे पर्यटन स्थलों के रूप में भी क्यों न हो।

*- रामचरण सोनी, भाटागांव*

## करंट अफेयर

### गाजा के सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले


इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा, 'यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था।' हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं। बाद में मीडियाकर्मियों को दिए एक बयान में उन्होंने बिना कुछ विस्तार से बताए कहा कि बंधकों को 'कठिन परिस्थितियों' में रखा गया था।



## ऑफ बीट


### एयर कंडीशनिंग का सही उपयोग कैसे करें

इतने सारे लोगों के पास घर पर एयर कंडीशनिंग होने के बावजूद, कई लोग अभी भी अनिश्चित हैं कि इसका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाए। और एयर कंडीशनिंग में बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, एक औसत घर में पूरे दिन और रात सभी लाइटें चलाने पर उतनी ही ऊर्जा की खपत होती है, जितनी उसी घर में एक घंटा एयर कंडीशनर चलाने पर होती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि कमरे को थोड़े समय के लिए ठंडा करने के लिए बहुत कम तापमान, जैसे कि 17°सेल्सियस, पर एयर कंडीशनिंग को चालू करके वे पैसे और ऊर्जा बचा सकते हैं – इसे बंद करने से पहले और बाद में दोबारा चलाने की जरूरत पड़ने तक ठंडी हवा का आनंद लें। लेकिन एक कमरे को बहुत ठंडे तापमान तक ले जाने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान एयर कंडीशनिंग यूनिट की ओर आकर्षित करते हुए, सबसे अधिक ऊर्जा कुशल क्रिया तापमान को उच्चतम मूल्य पर सेट करना है जो अभी भी आरामदायक है (दिन के दौरान 26 डिग्री सेल्सियस और सोते समय 22 डिग्री सेल्सियस की अक्सर सिफारिश की जाती है)।



## ट्रेंड

### चादर भेंट की



मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी बातचीत के दौरान ही मैंने उन्हें पवित्र चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर रखा जाएगा।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### लड़ेंगे और जीतेंगे



कांग्रेस को सत्ता की पार्टी मानसिकता से हटकर सड़क पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। राहुल गांधी की मेहनत को यदि हमने निराशावादी मानसिकता से समाप्त कर दिया तो हम उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### मेहनत का सम्मान



रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूककर सिंघाड़े खाये थे। हर सबकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### इतिहास में दर्ज



यह दुखद है कि रामजन्मस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी विवादहीन नहीं रह सकी। इसके शास्त्रीय पक्षों पर भी हमारे चारों शंकराचार्य एक स्वर में नहीं बोल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इतिहास में दर्ज होगी।

-राहुल देव, पत्रकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



22 जनवरी 2024 को देश में एक बार फिर दिवाली मनाई जाएगी। 500 से ज्यादा सालों से टेंट में रह रहे भगवान राम को अपने घर यानी भव्य राम मंदिर में विराजा जाएगा। 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनियाभर के श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने का अनुमान है।

# रामलला को लेकर दीवानगी, करीब 400 प्रतिशत हवाई सफर महंगा

**30 हजार रुपए पहुंचा अयोध्या का फ्लाइट टिकट**

**20 जनवरी की बेंगलुरू फ्लाइट में आया जबरदस्त उछाल**

**19, 20, 21 जनवरी को फ्लाइट टिकट मिल रहे सबसे महंगे**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईटी हब बेंगलुरू से भी रामलला के दर्शन के लिए भारी संख्या में रामभक्त पहुंचेंगे। यही वजह है कि राम जन्मभूमि मंदिर यानी अयोध्या जाने वाली फ्लाइट्स के दामों में काफी इजाफा हो गया है। 20 जनवरी को बेंगलुरू से अयोध्या के लिए सबसे सस्ती फ्लाइट टिकट का दाम फिलहाल 24,000 रुपये है। खास बात है कि रामलला की दीवानगी ऐसी है कि वीकेंड पर अधिकतर फ्लाइट टिकट सोल्ड आउट हैं और आर्टिकल लिखे जाने तक चुनिंदा सीटें ही बाकी बची हैं।

### फ्लाइट टिकट में 395 प्रतिशत का इजाफा

बात करें 20 जनवरी की तो करीब 395 प्रतिशत के इजाफे के साथ फ्लाइट टिकट का दाम 29,700 रुपये तक पहुंच गया। यह फ्लाइट बेंगलुरू एयरपोर्ट से दोपहर 1 बजे उड़ेगी और अहमदाबाद में 5 घंटे के लेओवर के साथ रात 11 बजे अयोध्या पहुंचेगी। आपको बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चुनिंदा वीवीआईपी लोगों को ही न्यौता दिया गया है। लेकिन दूर-दराज से आने वाले लोग पहले से ही अयोध्या पहुंचने का कार्यक्रम बना चुके हैं।



### 30 दिसंबर को उद्घाटन

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 दिसंबर 2023 को पीएम मोदी ने किया था। ऑपरेशन शुरू होने के समय अयोध्या के लिए फ्लाइट टिकट का दाम करीब 6000 रुपये के आसपास था। और फरवरी के आखिर में भी फ्लाइट टिकट इसी दाम पर दिखा रहा है। लेकिन 19-21 जनवरी के बीच भारी मांग को देखते हुए फ्लाइट सर्विस खासी महंगी हो गई हैं।

### अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा

*लखनऊ। अयोध्या में श्री राम के दर्शन-पूजन के इच्छुक श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिलेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद - अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के बाद अयोध्या से जुड़ने वाला अहमदाबाद दूसरा प्रमुख शहर है। इसके बाद 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा शुरू होगी।*

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट से राकांपा नेता नवाब मलिक को राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक की अंतरिम जमानत छह महीने के लिए बढ़ा दी है। ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से मलिक की याचिका का विरोध नहीं किया गया। इसके बाद जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने मलिक को चिकित्सा आधार पर दी गई जमानत की अवधि बढ़ा दी।

### सीएम मान के खिलाफ मानहानि का केस दायर




**चंडीगढ़।** अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने गुरुवार को मुक्तसर अदालत में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के खिलाफ मानहानि का केस दायर कर दिया है। सुखबीर बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान बादल परिवार के खिलाफ लगातार झूठे बयान दे रहे हैं। जिस कारण उन्होंने आज मुख्यमंत्री के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस दायर किया है।

### समुद्री सुरंगें बनाने का काम शुरू : रेल मंत्री वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद रूट पर प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर कहा कि अब तक 508 किलोमीटर में से 270 किलोमीटर के मार्ग पर तारों के लिए डक्ट बिछाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट का काम समय पर है। मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे बन रही सुरंग का काम भी शुरू हो चुका है। वैष्णव ने बताया कि इस रूट पर पड़ने वाली आठ नदियों पर पुल निर्माण का काम भी तेजी से जारी है। दो पुलों का काम पूरा भी हो चुका है। साबरमती टर्मिनल स्टेशन का काम पूरा होने की कगार पर ही है।

### भाजपा नेता अन्नामलाई के खिलाफ केस दर्ज



**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की बीती 8 जनवरी को एक चर्च में जाने को लेकर ईसाई समुदाय के युवाओं से तकरार हुई थी। अब इस मामले में धर्मपुरी पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। धर्मपुरी पुलिस ने भाजपा नेता के अन्नामलाई के खिलाफ धर्मपुरी जिले के बोम्मीडी पुलिस स्टेशन में धारा 153(ए), 504, 505(2) के तहत मामला दर्ज किया है। अन्नामलाई पर दो समूहों के बीच धार्मिक आधार पर शत्रुता बढ़ाने के आरोप लगे हैं।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर आ रहे लगातार व्यावधान

# अब असम सरकार का 'अड़ंगा' नहीं दी रात्रि विश्राम की इजाजत

*कांग्रेस की भारत न्याय जोड़ो यात्रा को लेकर लगातार व्यावधान आ रहे हैं। मणिपुर सरकार से पहले जहां इसको लेकर इजाजत नहीं मिल पा रही थी वहीं अब असम सरकार ने रात्रि विश्राम की इजाजत देने से इंकार कर दिया है। यह जानकारी खुद कांग्रेस पार्टी ने ही दी है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**कांग्रेस ने लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का लगाया आरोप**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से शुरू होनी है यह यात्रा**

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि असम की सरकार ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को दो जिलों में रात्रि विश्राम की इजाजत नहीं दी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम में विपक्ष के नेता देबब्रता सैकिया ने बताया कि पार्टी अब यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम के लिए वैकल्पिक जगह की व्यवस्था कर रही है। इसके लिए निजी प्रॉपर्टी में रात्रि विश्राम की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है, जहां राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता रात्रि विश्राम कर सकेंगे।




### 20 मार्च को मुंबई में समापन

राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होनी है। वहीं यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में होगा। असम में 18-25 जनवरी के बीच भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलेगी। सैकिया ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने भारत की आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी, वह अब देश पर शासन कर रही है। वह नहीं चाहते कि लोगों की समस्याएं उजागर हो।

### 'भाजपा हमारे लोकतांत्रिक अधिकार का कर रही हनन'

सैकिया ने कहा कि 'हमने धेमाजी जिले में गोगामुख में स्कूल के मैदान पर रात्रि विश्राम के लिए अपने कंटेनर वाहनों को पार्क करने की इजाजत मांगी थी। शुरुआत में इजाजत दे दी गई थी लेकिन अंतिम समय में इस मंजूरी को वापस ले लिया गया। इसी तरह जोरहाट में एक कॉलेज के खेल मैदान पर रात्रि विश्राम की मांग की गई थी, लेकिन सरकार ने वहां भी इजाजत नहीं दी। भाजपा हमारे मार्च करने के लोकतांत्रिक अधिकार का हनन कर रही है।

### खड़गे ने भी साधा निशाना

कांग्रेस का कहना है यह यात्रा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों पर केंद्रित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने चर्चा के लिए संसद का दरवाजा बंद कर दिया है, इसलिए लोगों की आवाज उठाने के मकसद से यात्रा निकालनी पड़ रही है।

### स्थल बदलने पर मिली मणिपुर सरकार से सशर्त मंजूरी

मणिपुर सरकार ने न्याय यात्रा को बुधवार को सशर्त इजाजत दी। कांग्रेस की तरफ से हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए संपर्क करने के 8 दिन बाद मिली। इंफाल ईस्ट जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने आदेश में कहा, "किसी भी अप्रिय घटना और कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी को रोकने के लिए 14 जनवरी को केवल सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति दी गई है। प्रतिभागियों की संख्या और नाम इस कार्यालय को पहले ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे ताकि यह कार्यालय सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने में सक्षम हो सके। इससे पहले कांग्रेस ने दावा किया था कि मणिपुर सरकार ने इंफाल के पैलेस ग्राउंड से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

*मणिपुर में सुधर नहीं रहे हालात*

# गोलीबारी के बाद लापता हुए तीन मैतेई लोगों की हत्या



एजेंसी ▶▶| इंफाल

हिंसाग्रस्त मणिपुर में हालात नहीं सुधर रहे हैं। यहां तीन मैतेई लोगों की फिर हत्या हो गई है। कुकी उपद्रवियों का यह काम है। गुरुवार को जंगल में जलाने की लकड़ी लेने गए लापता हुए चार लोगों में से तीन चुराचांदपुर जिले में मृत पाए गए। बिष्णुपुर जिले के अकासोई के चार लोग बुधवार दोपहर चुराचांदपुर में पास की पहाड़ियों में जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान लापता हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, इनकी पहचान इबोम्चा सिंह, आनंद सिंह और रोमेन सिंह के रूप में हुई है। लापता व्यक्ति की तलाश जारी है, जिसकी पहचान दारा सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि तीनों की कुकी उपद्रवियों ने हत्या कर दी है।

### बुधवार को हुई थी गोलीबारी

उल्लेखनीय है कि बुधवार शाम करीब 3:25 बजे चुराचांदपुर और बिष्णुपुर के सीमावर्ती गांव हाओतक फेलेन में कुकी और मैतेई उपद्रवियों के बीच गोलीबारी हुई थी। गोलीबारी का कारण कुकी के गांव हाओतक फेलेन के जंगल में मैतेई समुदाय के लोगों की ओर से पेड़ों की कटाई के कारण हुई। इस बीच मणिपुर कुंबी विधानसभा क्षेत्र के चार लोग लापता हो गए। चारों पहाड़ी के पास लकड़ी लेने गए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया था कि उन्हें बंदी बनाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर जवाबी कार्रवाई शुरू की, तो हमलावर गोलीबारी बंद करने पर मजबूर हो गए।

### कुकियों ने बम से किया हमला

बताया जा रहा है कि कुंबी हाओतक इलाके में मैतेई लोगों पर कुकी उपद्रवियों ने बम से हमला किया। इसके बाद घबराए लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली. पास में तैनात सुरक्षा बलों ने जब जवाबी कार्रवाई की, उसके बाद कुकियों की ओर से फायरिंग बंद हुई। दूसरी तरफ कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया। इस वीडियों में उन्होंने बताया है कि बिष्णुपुर लमका सीमा में कुकी लोगों ने चार हमलावरों को मार गिराया है।

# बंगाल पुलिस को बड़ा झटका, ईडी के खिलाफ जांच पर लगाई गई रोक

**कोलकाता हाईकोर्ट ने लिया एक्शन**



**कोलकाता।** बंगाल पुलिस को कोलकाता हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोलकाता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ बंगाल पुलिस की जांच पर 31 मार्च तक रोक लगा दी है। दरअसल, ईडी ने संदेशखाली केस के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस की एफआईआर के खिलाफ कोलकाता हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में अदालत से एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी। जांच पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को केस डायरी अदालत के सामने पेश करने का आदेश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी। राशन घोटाला मामले में बीते दिन पश्चिम बंगाल के संदेशखली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर ग्रामीणों की भीड़ ने हमला कर दिया था।

### अदालत से हस्तक्षेप की मांग

इस मामले में ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ से संपर्क किया और अदालत से हस्तक्षेप की मांग की थी। केंद्रीय एजेंसी ने अपनी याचिका में कहा था कि हालांकि उसे अभी तक एफआईआर की प्रति नहीं मिली है, लेकिन पुलिस अधिकारी उसके अधिकारियों के बयान दर्ज करने के लिए उसके कार्यालय का दौरा कर रहे हैं।

### आरोपी की तरफ से भी एफआईआर

इस मामले में एक एफआईआर आरोपी टीएमसी नेता के एक सहयोगी की शिकायत पर ईडी के खिलाफ दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ईडी के अधिकारियों ने बिना कोई तलाशी वारंट दिखाए और कानून का उल्लंघन करते हुए टीएमसी नेता के आवास में जबरन घुसने की कोशिश की।

### हमले के पांच दिन बाद भी शाहजहां का सुराग नहीं

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बीते शुक्रवार को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले के बाद से तृणमूल नेता शाहजहां शेख फरार है। जांच एजेंसियां उसकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी वह कानून की गिरफ्त से बाहर है। संदेशखाली के 'राजा' का पता अब तक जांच एजेंसी ईडी या राज्य पुलिस नहीं लगा सकी है। इस बीच, आयकर विभाग ने शाहजहां की अकूत संपत्ति की स्थिति जानने के लिए जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक शाहजहां तक पहुंचने के लिए ईडी का सहयोग करने के लिए बीएसएफ और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी एनआईए मैदान में उतर चुकी है। ईडी को आशंका है कि शाहजहां नदी के रास्ते बांग्लादेश भाग सकता है। इस संबंध में बीएसएफ को सतर्क कर दिया गया है।

*अवैध खनन मामला*

# हरियाणा, झारखंड में छापा 2.12 करोड़ नकदी जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन के मामले में हरियाणा, चंडीगढ़ और झारखंड में आठ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंगलवार को अवैध खनन के मामले में तिरुपति रोडवेज कंपनी, गुरप्रीत सिंह सभरवाल, लखमीर सिंह सभरवाल, प्रदीप गोयल, मोहित गोयल और अन्य के परिसरों पर तलाशी ली गई। छानबीन के दौरान 2.12 करोड़ रुपये नकद, चल-अचल संपत्तियों के कागजात और बैंक लॉकर मिले हैं। ईडी ने कहा कि मौके से मिला कैश, डिजिटल उपकरण और संपत्तियों के कागजात को जब्त कर लिया गया है। पंचकूला के रत्तेवाली गांव में अवैध खनन के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की।

*अपने मासूम की 'कातिल' सीईओ सूचना सेठ का कुबूलनामा!*

# पति जैसा दिखता था बेटा बार-बार दिलाता उसकी याद

एजेंसी ▶▶| गोवा

गोवा में 4 साल के बेटे की हत्या करने वाली एक स्टार्टअप की सीईओ सूचना सेठ को लेकर जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी कड़ी में सूचना सेठ ने पुलिस पूछताछ में हैरान कर देने वाली बातें कहीं। उसने गोवा की यात्रा इसलिए की थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वेंकटरमन अपने बेटे से न मिले। इतना ही नहीं सूचना ने अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को बताया था कि उसका बेटा चिन्मय पति जैसा दिखता है और अलग हो चुके पति की याद दिलाता है।

ये बात भी सामने आई है कि बच्चे के पिता वेंकटरमन ने शनिवार को सूचना को कॉल की थी। उसने रविवार को समय बिताने के लिए बच्चे को बेंगलुरु के राजाजीनगर स्थित अपने घर लाने की जानकारी दी थी। हालांकि, सूचना ने अपने पति के घर जाने से इंकार कर दिया। उसने वेंकटरमन से बेंगलुरु के सदाशिवनगर के पास पब्लिक प्लेस पर मिलने के लिए कहा था। इस पर वेंकटरमन सुबह 11 बजे पहुंचे. 2 घंटे से अधिक समय तक सदाशिवनगर में इंतजार किया।



### 2010 में हुई थी शादी

बताते चलें कि सूचना अपने पति से नफरत करती थी। दोनों की साल 2010 में लव मैरिज हुई थी। साल 2019 में उन्हें एक बेटा हुआ। 2020 में पति-पत्नी में झगड़ा होना शुरू हो गया। मामला कोर्ट तक पहुंचा तो बेटे की कस्टडी मां को मिली। इसके बाद से ही सूचना अपने बेटे को पति वेंकटरमन से मिलने नहीं देती थी। वेंकटरमन ने इसके लिए कोर्ट में अर्जी डाली. जिस पर हाल ही में कोर्ट ने आदेश दिया कि हर रविवार को वेंकटरमन अपने बेटे से मिल सकेंगे।

**प्लास्टिक बोतलों में मिलने वाला पानी सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह**

# बोतलबंद एक लीटर पानी में 2.4 लाख प्लास्टिक कण

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

*अमेरिकी स्टडी में खुलासा*

प्लास्टिक बोतलों या कंटेनर्स में मिलने वाला पीने का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहद बुरा है। इसको लेकर किए गए अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने बताया है कि ऐसे पानी में प्लास्टिक के लाखों छोटे-छोटे कण मौजूद होते हैं। इसको लेकर 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में शोध प्रकाशित किया गया है। वहीं यह बताया गया है कि इस शोध के लिए वैज्ञानिकों ने नई तकनीक का इस्तेमाल किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि पानी में प्लास्टिक के कणों की गिनती की गई और एक लीटर पानी में औसतन 2,40,000 कण मौजूद थे। उन्होंने कई कंपनियों के द्वारा बेचे जा रहे पानी की जांच की थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्लास्टिक के कणों की यह संख्या पहले के अनुमानों से कहीं ज्यादा है और बड़ी चिंता की बात है।



### ऐसे की गई जांच

शोध में जिस नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया उसे स्टीमुलेटेड रैमन स्कैटरिंग माइक्रोस्कोपी कहा जाता है। इसमें जांच के नमूनों को दो लेजर के नीचे परखा जाता है ताकि समझा जा सके कि वे मॉलीक्यूल किस चीज के बने हैं।

### पाचन तंत्र और फेफड़ों में पहुंच जाएगा प्लास्टिक

*वैज्ञानिकों की चिंता है कि नैनोप्लास्टिक इतना छोटा होता है कि इसके पाचन तंत्र और फेफड़ों तक पहुंच जाने की आशंका है। अगर ऐसा होता है तो फिर ये कण खून में मिलकर पूरे शरीर में पहुंच सकते हैं। इससे मस्तिष्क, हृदय, किडनी समेत अन्य अंगों को खतरा है।*

### नैनोप्लास्टिक मिलना चिंता का कारण

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जियोकेमिस्ट्री के एसोसिएट प्रोफेसर बाइजान यान ने कहा कि बोतलबंद पानी को लेकर दुनिया भर में कोई नया विकल्प सामने लाना होगा। बोतलबंद पानी में नैनोप्लास्टिक मिलना चिंता का कारण है, लेकिन अगर पानी नहीं पिया जाए तो डिहाइड्रेशन का खतरा हो सकता है। डिहाइड्रेशन तो बड़ा खतरा बन सकता है।

### दुनिया भर में बढ़ रही है माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा

वैज्ञानिकों ने कहा कि माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ रही है। अब नदियों और समुद्र से लेकर ऊंची पहाड़ियों तक माइक्रोप्लास्टिक मिल रहा है। इसके कारण अब इसकी मौजूदगी खाने के पदार्थों तक हो गई है। 5 मिमी से छोटे टुकड़े को माइक्रोप्लास्टिक कहते हैं। नैनोप्लास्टिक एक माइक्रोमीटर ( मीटर के अरबवें हिस्से) को कहते हैं।



**108 फीट लंबी अगरबत्ती अयोध्या पहुंची**

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के लिए 108 फीट लंबी अगरबत्ती लेकर एक ट्रक गुरुवार को अयोध्या में प्रतिष्ठा समारोह के लिए मंदिर पहुंच रहा।



**इस तरह की जा रही भव्य सजावट**

अयोध्या में रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कारीगर से लेकर शिल्पकार और कलाकार से लेकर मजदूर तक बड़ी शिद्दत से अपने-अपने काम में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर हर तरफ उल्लास और उत्सवी माहौल है।

## खबर संक्षेप

### मोदी फिर पीएम न बने तो फांसी लगा लूंगा



**मुंबई।** शिवसेना के शिंदे गुट के विधायक संतोष बांगड़ ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ही दोबारा केंद्र की सत्ता में लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा यह दावा है और ऐसा ही होगा। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि मेरी बात गलत साबित हुई तो मैं चौराहे पर फांसी लगा लूंगा। शिंदे को असली शिवसेना बताने के बाद यह कहा।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुनवाई फिर बढ़ी



**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट में बगुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में सर्वे की मांग की गई। सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में दो अधिवक्ताओं को भी रख जाए। मौके पर ईदगाह मस्जिद पक्ष के प्रतिनिधि भी मौजूद रहें।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सशर्त मिली अनुमति



**नई दिल्ली।** 14 जनवरी से आरम्भ हो रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने की अनुमति सशर्त मिली है। राहुल की ये यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होनी है। पहले मणिपुर सरकार ने अनुमति नहीं दी थी। अब कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। सीमित संख्या के साथ वे यात्रा कर सकते हैं।

### मणिपुर में चार में से तीन के शव बरामद



**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में जंगल में जलाने की लकड़ी लेने गए लापता 4 लोगों में से 3 गुरुवार को चुराचांदपुर जिले में मृत पाए गए। बिष्णुपुर जिले के अकासोई के 4 लोग बुधवार दोपहर चुराचांदपुर में लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान लापता हो गए थे। इनकी पहचान कर ली गई है।

अयोध्या में सिर्फ प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता ही कांग्रेस ने नहीं ठुकराया...

# राममंदिर ही नहीं सोमनाथ, नई संसद तक का कांग्रेस ने किया था बहिष्कार

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ट्रस्ट की तरफ से सभी जानी-मानी हस्तियों के साथ नेताओं, अभिनेताओं, खिलाड़ियों, कलाकारों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। इसको लेकर ट्रस्ट की तरफ सभी जानी-मानी हस्तियों, नेताओं, अभिनेताओं, खिलाड़ियों, कलाकारों को निमंत्रण भेजा गया है, लेकिन जो सबसे बड़ी बात है, वो यह है कि इस कार्यक्रम के आयोजन से देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने दूरी बना ली है। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होगी।

- कांग्रेस पर चारों ओर से किए जा रहे बड़े कटाक्ष

कांग्रेस ने बुधवार को एक बयान जारी कर इसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा का कार्यक्रम बताया। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस ने इस तरह के आयोजन से दूरी बनाई है।

भाजपा ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनाने के फैसले को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। इतना ही नहीं भारतीय जनता पार्टी ने कई ऐसे मौके गिनाए, जब कांग्रेस ने इस तरह के बड़े और भव्य कार्यक्रमों का बहिष्कार किया है।

## इन कार्यक्रमों में भी नहीं शामिल हुई थी कांग्रेस

**आखिरकार कांग्रेस ने अपना रुख साफ किया**

**भाजपा ने इस पर इतिहास की याद दिलाई**



भाजपा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि कांग्रेस ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। जी20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया। 2004 से 2009 तक, कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस का बहिष्कार किया। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के नेतृत्व में मई 1998 में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कांग्रेस ने 10 दिनों तक कोई बयान नहीं दिया।

### पूर्व मंत्री रविशंकर ने भी किया हमला

**इसे दुर्भाग्यपूर्ण, पीड़ादायक और शर्मनाक बताया**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण, पीड़ादायक और शर्मनाक है। इन्होंने सदैव राम जन्मभूमि का विरोध किया था। कांग्रेस पार्टी ने देश में राज किया था फिर भी आज कहां सिमट गई है, आगे चुनाव में भी इनका सूपड़ा साफ होगा। क्या यह कोई संघ का कार्यक्रम है? यह राष्ट्र का कार्यक्रम है। दुनिया इसकी प्रतीक्षा कर रही है।

### सुधांशु ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**पार्टी ने खुद को बदलने का मौका भी गंवा दिया**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नकारात्मक राजनीति करती है और हर चीज का बहिष्कार कर रही है। यह नेहरू की कांग्रेस है। कांग्रेस की बहिष्कार करने वाली परंपरा रही है। पार्टी ने मौका गंवा दिया।

**सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का नेहरू ने किया था विरोध**

सुधांशु ने कहा कि पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू ने जब सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तो 24 उस समय विरोध किया था।

### गिरिराज का बड़ा बयान

**कांग्रेस सीजनल हिंदू, वहां जाने की ताकत नहीं**



केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस वाले सीजनल हिंदू हैं। उनमें अयोध्या जाने की ताकत नहीं है।। कांग्रेस में तो जवाहरलाल नेहरू से लेकर अब तक कोई अयोध्या नहीं गया है।

### सीएम सरमा की दो टूक

**कांग्रेस ने पाप कम करने का मौका खोया**



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस को अपने पाप कम करने का मौका दिया गया था लेकिन पार्टी ने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। वह निमंत्रण की हकदार नहीं थी।उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, विश्व हिंदू परिषद ने शामिल होने का निमंत्रण देकर कांग्रेस पार्टी को अपने पाप कम करने का सुनहरा अवसर दिया था।

## अरुणाचल में गरजे अध्यक्ष नड्डा



# परिवार रक्षा के लिए भारत तोड़ो अन्याय यात्रा कर रही कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश में राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर बरसे।

उन्होंने कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया। साथ ही उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसका गठन काले धन और संबंधित पार्टियों के नेताओं के परिवारों की रक्षा के लिए किया गया है।

### फूट डालो और राज करो की राजनीति...

नड्डा ने देश को एकजुट करने में कांग्रेस की भूमिका पर भी सवाल उठाया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस अपनी 'फूट डालो और राज करो' की राजनीति के लिए जानी जाती है और उसने देश को 'बांटने' के लिए सब कुछ किया और अब अपने गलत कृत्यों को छिपाने के लिए एक यात्रा आयोजित कर रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। अरुणाचल प्रदेश में यात्रा का चरण 20 जनवरी को निर्धारित है।

### हम देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं

नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा स्वागत करने के लिए उचित कतार में खड़े लोगों को देखने के बाद, मुझे कहना होगा कि अरुणाचल प्रदेश 'अनुशासन की भूमि' है। हमें मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। हमें तेजी से जाना होगा, लेकिन इसके साथ-साथ हमें और अधिक जिम्मेदार भी बनना होगा।

## पीएम ने अजमेर शरीफ के लिए भेजी चादर



**नई दिल्ली।** अजमेर शरीफ दरगाह एकता की मिसाल है और हिंदुस्तान की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परंपरा की निशानी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाने के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा को चादर सौंपी है। इस चादर को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के मौके पर चढ़ाया जाएगा। पीएम हर साल उर्स पर चादर भेंट करते हैं। इस साल 812वां उर्स मनाया जा रहा है। 13 जनवरी को पीएम मोदी की भेजी चादर चढ़ाई जाएगी।

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर सीएम ममता की 'ना'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर असहमति जताई है। उन्होंने उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि वो इससे सहमत नहीं हैं।उच्च स्तरीय समिति को लिखे पत्र में ममता ने कहा, मुझे खेद है कि मैं 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हो सकती।उन्होंने कहा कि ये सही नहीं है और ये देश के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। हम एक साथ चुनाव कराए जाने से सहमत नहीं हैं। साल 1952 में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।

# समुद्री सुरंगें बनाने का काम शुरू 270 किमी मार्ग पर डक्ट बिछा रहे

## रेल मंत्री वैष्णव ने बताई प्रोजेक्ट की प्रगति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारियां दी है। उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद रूट पर प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर कहा कि अब तक 508 किमी से 270 किम5ी के मार्ग पर तारों के लिए डक्ट बिछाने का काम पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट का काम समय पर है।

मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे बन रही सुरंग का काम भी शुरू हो चुका है। इस रूट पर पड़ने वाली आठ नदियों पर पुल निर्माण का काम जारी है। दो पुलों का काम पूरा हो चुका है। साबरमती टर्मिनल स्टेशन का काम पूरा होने की कगार पर है।

### बुलेट ट्रेन के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा



हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बताया कि उसने मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और दादर और नगर हवेली में भूमि अधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। वैष्णव ने भी बताया था कि परियोजना के लिए आवश्यक पूरी 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

### अयोध्या में भी किए जा रहे कई काम

रेल मंत्री ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अयोध्या धाम स्टेशन की क्षमता बढ़ाने पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में 5 स्टेशन हैं और इन सभी को क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया जा रहा है। यहां लखनऊ से आने वाली रेल लाइनों के दोहरीकरण का काम जारी है।वाराणसी जाने वाली लाइनों को भी डबल किया जा रहा है। प्रयागराज व गोरखपुर से आने वाली लाइनों को भी बढ़ा रहे।

# कलकत्ता हाईकोर्ट की 'रोक', 18 जनवरी तक सीएम ममता से मांगा हलफनामा

## ईडी के खिलाफ एफआईआर पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी और केंद्रीय जांच एजेंसियों का टकराव अक्सर सुर्खियां बटोरता है। यह मामला टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर ईडी की छापेमारी और ईडी की टीम पर कथित तौर से हुए जानलेवा हमले का है।

इस मामले में ईडी और शाहजहां शेख एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं। अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी नेता की तरफ से दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर रोक लगा दी है। अदालत ने प्रतिवादियों से 18 जनवरी तक जवाब दाखिल कर सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर की।

### 22 को होगी अगली सुनवाई



एफआईआर पर स्थगन आदेश पारित करते हुए हाईकोर्ट की पीठ ने कहा, प्रतिवादी को 18 जनवरी तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। इसके माध्यम से रिकॉर्ड पर केस डायरी लाई जाएगी।जरूरत पड़ती है तो ईडी को भी हलफनामा दाखिल कर जवाब देने को तैयार रहना होगा। पीठ ने अगली सुनवाई 22 जनवरी को तय की है।

### ईडी के सामने नहीं पेश हुए फारूक अब्दुल्ला



जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ईडी के सामने नहीं हुए पेश। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए उनको श्रीनगर स्थित कार्यालय में पेश होने को कहा गया था। फारूक बीमारी का बहाना बनाते हुए ईडी के सामने नहीं हुए। पार्टी ने औपचारिक बयान नहीं दिया।

## गडकरी ने किया परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

पंजाब के होशियारपुर में केंद्रीय सड़क मंत्री ने किया सुधार संबंधी बड़ा ऐलान

# पंजाब में 4,000 करोड़ की लागत से 29 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का निर्माण शुरू, दक्षता सुधरेगी

एजेंसी ▶▶ होशियारपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के होशियारपुर में 4,000 करोड़ की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गडकरी ने सोशल मीडिया हैंडल पर भी एक पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे कार्यान्वयन क्षेत्र का समग्र आर्थिक विकास होगा और आबादी की जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। यातायात की निर्बाध और मुक्त आवाजाही होगी जिससे माल ढुलाई की दक्षता में भी सुधार होगा।



### कई 4-लेन बाइपास बनेंगे

गडकरी ने सड़क कनेक्टिविटी के संदर्भ में अन्य नई परियोजनाओं की भी घोषणा की। इस घोषणा में 1600 करोड़ रकी लागत से जालंधर से पठानकोट मार्ग पर मुकेरियां, दसुइया और भोगपुर में 45 किलोमीटर के 4-लेन बाइपास और 800 करोड़ की लागत से टांडा से होशियारपुर तक 30 किलोमीटर के 4-लेन बाइपास का निर्माण शामिल है।

### लाडोवाल बाइपास से होगा सीधा संपर्क

लुधियाना में जीटी रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 5 को जोड़ने वाले 4-लेन वाले लाडोवाल बाइपास के निर्माण से लुधियाना-फिरोजपुर राजमार्ग को दिल्ली-जालंधर राजमार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 44) से सीधी कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।वहीं दूसरी तरफ तलवंडी भाई से फिरोजपुर खंड और फिरोजपुर बाइपास के 4-लेन के निर्माण से कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

### फगवाड़ा और होशियारपुर में यातायात होगा सुगम

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि फगवाड़ा और होशियारपुर बाइपास सहित इस खंड के 4-लेन के निर्माण से फगवाड़ा और होशियारपुर के बीच 100 किलोमीटर प्रति घंटे की हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर 30 मिनट हो जाएगा। फगवाड़ा और होशियारपुर बाईपास शहरी क्षेत्र में भीड़भाड़ को कम करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (जीटी रोड) के माध्यम से होशियारपुर को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

# नारायणमूर्ति ने बिना टिकट किया था सफर, ट्रेन में बिताए थे 11 घंटे

## एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति में किया खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायणमूर्ति और पत्नी सुधा मूर्ति को लेकर एक दिलचस्प किस्सा सामने आया है। उन्होंने उन दिनों को याद किया, जब वे सुधा मूर्ति को छोड़ने के लिए ट्रेन में बिना टिकट के 11 घंटे सफर किया था। बता दें कि इसका खुलासा अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी ने अपनी किताब 'एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति' में किया है। यह किताब नारायणमूर्ति और सुधा मूर्ति के जीवन पर ही आधारित है।



### सुधा को कंपनी से बाहर रखना बड़ी गलती

हाल ही में नारायणमूर्ति ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने सुधा को कंपनी से बाहर रखकर गलती की। उन्होंने बताया कि सुधा उनसे और इस टेक कंपनी के अन्य छह संस्थापकों से ज्यादा योग्य हैं। पत्नी को कंपनी में शामिल न करने पर अपना तर्क देते हुए नारायणमूर्ति ने बताया कि उन दिनों उनका मानना था कि किसी को भी अपने परिवार को अपनी कंपनी में नहीं लाना चाहिए। नारायणमूर्ति ने कहा, 'मुझे लगा कि अच्छे कॉरपोरेट गवर्नेंस का मतलब इसमें अपने परिवार को शामिल न करना है। क्योंकि उन दिनों जब बच्चे कंपनी चलाते थे तो कई नियमों का उल्लंघन होता था। लेकिन कुछ साल पहले मैंने इसपर कई प्रोफेसरों से बात की और उन्होंने बताया कि मैं गलत था। उन्होंने बताया कि दूसरे व्यक्ति में भी योग्यता है, चाहे वह आपकी पत्नी हो, बेटा हो या बेटी। आपके पास उस व्यक्ति को कंपनी का हिस्सा बनने से रोकने का कोई अधिकार नहीं है।' हालांकि, नारायणमूर्ति ने बताया कि वह उनदिनों के विचारधाराओं से प्रभावित थे।

### रिश्तों का किया जिक्र

मीडिया से बात करते हुए कृष्णमूर्ति ने बताया कि उनदिनों वह प्रेम में थे। उन्होंने कहा, 'आप समझ रहे होंगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। उस समय हार्मोन सक्रिय हो रहे होंगे। आप जानते हैं कि यह कैसा होता है। वह एक अलग उम्र था, लेकिन मैं एक स्थाई शादी की बात कर रहा हूं और जब बच्चे होते हैं तो रिश्ते की सुंदरता और बढ़ जाती है। रिश्तों में भी मसाला की आवश्यकता होती है।'

### अक्षता दादा को समझती थीं पिता



किताब में बताया गया कि कैसे नारायणमूर्ति इंफोसिस को आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा समय काम में ही समर्पित करते थे, जबकि इस दौरान उनकी पत्नी सुधा मूर्ति ने बच्चों रोहन और अक्षता मूर्ति की परवरिश की। अक्षता मूर्ति जो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं, ने एक बार बताया था कि उन्होंने अपने दादा को असली पिता माना है। बेटी अक्षता ने नारायणमूर्ति को अपना बोनस पिता कहा था। वहीं नारायणमूर्ति के बेटे रोहन मूर्ति ने भी एक बार अपने पिता से पूछा था कि वह अक्षता, रोहन और इंफोसिस में सबसे ज्यादा प्यार किसे करते हैं। इस पर नारायणमूर्ति ने रोहन और अक्षता का नाम लिया था।

# जोड़ों एवं मांसपेशियों के दर्द को दूर करने में प्रभावकारी 'रूमा ऑयल'

नागपुर। जोड़ों के दर्द की समस्या मध्यम वर्ग की आयु के व्यक्तियों के लिए संभवतः सामान्य हो गई है। व्यायाम की कमी, भागदौड़ भरी जीवनशैली व खान-पान में बदलाव इनके कारण स्वास्थ्य संबंधित समस्याएँ होती हैं। अधिकतर व्यक्ति जो जोड़ों के दर्द से परेशान रहते है वह तेज दर्द निवारक दवाओं का उपयोग करते है। उन दवाओं का उनके शरीर पर दुष्प्रभाव होता है, जिससे अम्लपित्त या अल्सर या किडनी संबंधित तकलीफें उत्पन्न हो जाती हैं। रूमा ऑईल (बाह्योपचार) एक प्रभावी पेटेन्ट आयुर्वेदिक औषधि है जो बैद्यनाथ द्वारा निर्मित है। बैद्यनाथ के रिसर्च डिवीजन ने रूमा ऑईल यह औषधि आयुर्वेद के विशेषज्ञों की देखरेख में गहन अध्ययन के पश्चात तैयार किया है। श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन आयुर्वेदिक दवाओं का सबसे बड़ा विश्वसनीय निर्माता है, जो सन 1917 से अपने उत्कृष्ट उत्पादनों का निर्माण करते आ रहा है।

रूमा ऑईल में आयुर्वेद ग्रंथों में वर्णित वेदनाशामक जड़ी बूटियों का मिश्रण है जैसे - एरण्डमूल, धतूरा पंचांग, अश्वगंधा,




रूमा ऑईल


शतावरी, आमाहल्दी, कुचला, वत्सनाम, प्रसारिणी से सिद्ध तेल, गन्धापुरी तैल (ऑइल ऑफ विन्टरीन), टर्पेन्टाईन ऑयल व कपूर यह वेदना निवारक है। प्रसारिणी तेल में 'प्रसारिणी' यह जड़ी बूटी मुख्य घटक द्रव्य है जो द्रव्यगुण विज्ञान में वेदना एवं सूजन शोथ को दूर करने हेतु प्रचलित है। रूमा आईल के मालिश से मांसपेशियों को बल मिलने और हड्डियाँ मजबूत बनने में सहायता होती है। गन्धापुरी तेल व कपूर स्थानीय वेदना को दूर करने के लिए प्रसिद्ध है। गुणधर्म : (बाह्योपचार के लिए) संधियों के दर्द, सायटिका (गृध्रसी) कमर दर्द, बदन दर्द व पुराने कष्टसाध्य वात रोगों में स्थानीय वेदना दूर करने हेतु मालिश के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

यह जोड़ों के दर्द एवं सूजन को दूर करने में लाभदायी है। यह खेलों के दौरान होने वाली चोट-मोंच, मांसपेशियों में खिंचाव, अस्थिगत विकार, कन्धों की शिथिलता व वेदना को दूर करने के लिए मालिश के लिए उपयोगी है। प्रयोगविधि : 40 मि.लि. या आवश्यकतानुसार तेल को वेदना स्थान पर हलके हाथ से दिन में दो बार मालिश करें या चिकित्सक की सलाह से उपयोग करें।

# प्लेन चुराया उसे 100 मील उड़ाया अजीब ढंग से लैंडिंग कर फरार

एजेंसी ▶▶| लास एंजलिस

अमेरिका की पुलिस ने डेमियन जुकैत्स नाम के 40 साल के एक शख्स को एक प्लेन चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बीते सप्ताह उसने 2020 किटफॉक्स फिक्स्ड विंग सिंगल एंजिन प्लेन को पहले लास वेगास से चुराकर 100 मील तक उड़ाया और फिर कैलिफोर्निया के एक रेगिस्तान में उसकी अजीब ढंग से लैंडिंग करा दी और फरार हो गया। ये एक प्राइवेट जेट था। विमान के मालिक



ने चोर पर कॉकपिट में बीयर के डिब्बे और मारिजुआना छोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि इदाहो के जुकाइटिस ने 30 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उत्तरी लास वेगास हवाई अड्डे पर खड़े विमान को चुरा लिया था। वह 30 मिनट तक इसे उड़ाता रहा और फिर दक्षिणी कैलिफोर्निया के मोजावे रेगिस्तान में बारस्टो के ठीक बाहर एक मैदान में अचानक उतर गया। सैन बर्नार्डिनो काउंटी शेरिफ विभाग की एक प्रेस रिलीज के अनुसार, विमान के मालिक जेफ कोहन को विमान के इमरजेंसी लोकेशन ट्रांसमीटर से एक नोटिफिकेशन मिलने के बाद शाम लगभग 6 बजे वायु सेना खोज और बचाव दल से एक कॉल आया। जेफ ने वायु सेना को सूचित किया कि वह विमान नहीं उड़ा रहा. वह बाहर अपने हैंगर के पास गया तो उसे पता चला कि विमान गायब है।

### शाम को आया फोन

शेरिफ विभाग ने कहा कि उनके बारस्टो स्टेशन को शाम करीब 6.48 बजे एफएए से एक फोन आया जिसमें बताया गया कि विमान डैगेट हवाई अड्डे के पास उतरा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जुकाइटिस विमान को वापस हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़क पर छोड़कर पैदल चला जा रहा था। अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस का कहना है कि वे अभी भी जुकाइटिस के मकसद की जांच कर रहे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि वह कहाँ जा रहा था। जेफ ने फॉक्स5 को बताया कि उनके विमान की कीमत 80,000 डॉलर है। उसने बताया कि उसे फर्श पर स्मोक्ड मारिजुआना के ज्वाइंट के हिस्से के साथ-साथ बीयर के डिब्बे और बोतलें भी मिलीं।

# ऑस्ट्रेलियाई दूत फिलिप ग्रीन ने दिल्ली में छोटी दुकान पर कटाई दाढ़ी




## वोकल फॉर लोकल की सराहना की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को समर्थन देते हुए भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने दूतावास के पास की एक दुकान पर दाढ़ी कटवाने की तस्वीरें साझा कीं। ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज सुबह ऑफिस के पास स्थित हेयरड्रेसर से जल्दी से दाढ़ी कटवा ली। बहुत बढ़िया सेवा मिली। स्थानीय बनें! वोकल फॉर लोकल। गो देशी। पीएम मोदी ने पिछले वर्ष अक्तूबर में मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोकल के लिए वोकल होने का आग्रह करते हुए कहा था कि त्योहारों के दौरान छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों से स्थानीय सामान खरीदें। इसके अलावा छोटी-छोटी सेवाएं भी स्थानीय लोगों से लेने का प्रयास करें।

### ग्रीन ने कहा-भारत बेहद अहम साझेदार

ग्रीन कहते हैं कि भारत में ऑस्ट्रेलियाई दूत के रूप में नियुक्ति को वे अपने करियर का उच्चतम स्तर मानते हैं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत बेहद अहम साझेदार है। इस दौर में भारत में रहकर ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गर्व की बात है।

# बीआरओ ने बनाई अरुणाचल में चीन सीमा के पास सड़क

एजेंसीः नई दिल्ली। भारत लगातार चीन सीमा के पास तेजी से सड़कों का निर्माण कर रहा है। बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास सेला सुरंग और एलजीजी-दमतेंग-यांगस्टे (एलडीवाय) सड़क पर हाई क्वालिटी तकनीक का इस्तेमाल किया है। बीआरओ ने स्वदेशी सड़क निर्माण तकनीक का उपयोग किया है। भारत के सबसे पुराने और प्रमुख रोड रिसर्च आर्गेनाइजेशन सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक 'रिजुपावे' कम और जीरो डिग्री तापमान में भी सड़कों के निर्माण में फायदेमंद है। बीआरओ के अतिरिक्त महानिदेशक (ईस्ट) पीकेएच सिंह ने कहा, "बीआरओ द्वारा क्रमशः 14,000 फीट और 18,000 फीट की ऊंचाई पर सेला सुरंग और एलडीवाई सड़क स्थल पर बिटुमिनस सड़कों के निर्माण के लिए कम तापमान वाले बिटुमिनस मिश्रण का उत्पादन करने के लिए 'रिजुपावे' तकनीक का उपयोग किया गया है।"

# सेट पर आसिफ शेख ने मोबाइल का इस्तेमाल छोड़ा! गिनाए फायदे

मंबई। ज्यादातर लोगों का मानना है कि अब स्मार्टफोन्स के बिना उनका काम ही नहीं चल सकता। लेकिन हाथ में रखे जाने वाले इन डिवाइसेस पर काफी निर्भरता के बीच, एक्टर आसिफ शेख अपवाद बने हुए हैं। एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे शेख फोन इसके लगातार इस्तेमाल का नियम तोड़ रहे हैं। शो की एक कहानी में फोन के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण लोगों के बीच बढ़ती दूरियों की बात देखकर शेख ने हाल ही में टेक्नोलॉजी के मामले में एक अलग तरीका अपनाया है। वह शूटिंग शेड्यूल्स के दौरान सेल फोन्स के लालच से दूर रहते हैं और डिजिटल डीटॉक्सिंग की प्रैक्टिस भी करते हैं। इस खुलासे में शेख ने स्मार्टफोन के इस्तेमाल को छोड़ने के फैसले पर बात की। वह कहते हैं कि इस तरह से उन्हें अपना फोकस बनाये रखने और अपनी रचनात्मकता को बेहतर बनाने में कैसे मदद मिलती है। शूटिंग के दौरान सेल फोन का इस्तेमाल करने के नुकसान बताते हुए, आसिफ शेख ने कहा कि हर कोई फोन में इतना मगन हो जाता है कि अगर फोन को उनसे दूर कर दिया जाए, तो उन्हें असहाय महसूस होता है। इसके साथ ही उनकी महत्वपूर्ण मीटिंग छूट जाती है, वह परेशान हो जाते हैं और उन्हें बोरियत लगती है। शो की मौजूदा कहानी एक सटीक उदाहरण देती है कि सेल फोन्स का अत्यधिक इस्तेमाल लोगों को फोन के बिना कैसे अपाहिज होने का एहसास देता है। मैं अपने फोन को हमेशा मेक-अप रूम में रखता हूँ और ध्यान भटकने से बचने के लिये उसे सेट पर नहीं ले जाता हूँ। यह मेरे मिनी 'डिजिटल डीटॉक्स' का हिस्सा है। रिहर्सल के दौरान फोन के नोटिफिकेशंस अक्सर ध्यान भटकाते हैं, बाधित करते हैं और फोन को देखना ही पड़ता है। काम करते वक्त अपना पूरा ध्यान लगाना, भटकाव से बचना और काम को प्राथमिकता देना मेरी आदत बन चुका है।



## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# डूब रहा जापान का सबसे प्रसिद्ध हवाई अड्डा, अरबों डॉलर होंगे बर्बाद



- एयरपोर्ट जापान के ओसाका द्वीप को पूरी दुनिया से जोड़ता है।
- 20 अरब डॉलर की रकम खर्च करके बनाया गया था।

नई दिल्ली। जापान ने 20 अरब डॉलर की भारी भरकम रकम खर्च करके जिस एयरपोर्ट को तैयार किया था, वह धीरे-धीरे डूब रहा है। जापान के ग्रेटर ओसाका एरिया में स्थित यह एयरपोर्ट आर्टिफिशियल द्वीप पर बना है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि इमारतों के बोझ से दब रहा है। कानसाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 4 सितंबर, 1994 में उद्घाटन किया गया था। यह ओसाका द्वीप को पूरी दुनिया से जोड़ता है। यही नहीं ओसाका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रैफिक का दबाव भी इसकी वजह से कम हुआ है। इसे 20 अरब डॉलर की रकम खर्च करके बनाया गया था। अहम बात यह है कि 2016 में यह एशिया का 30वां सबसे बिजी और जापान का तीसरा सबसे व्यस्त



एयरपोर्ट था। अब पर्यावरण के जानकारों का कहना है कि अगले कुछ सालों में यह हवाई अड्डा पूरी तरह से डूब सकता है। ओसाका के अलावा क्योटो और कोबे के लोगों के लिए भी यह एयरपोर्ट आवाजाही का एक बड़ा केंद्र रहा है।

### हजारों पत्थर पड़े और फिर बनी 40 मीटर ऊंची सतह, पर सब बेकार

लाखों लीटर पानी निकालने के बाद इस एयरपोर्ट की सतह को तैयार किया गया था, लेकिन अब प्रकृति के आगे बस नहीं चल रहा है। यदि यही हाल रहा तो इन्फ्रास्ट्रक्चर का यह शानदार नमूना अगले कुछ ही सालों में जलमग्न हो जाएगा। इस एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए हजारों पत्थर भी यहां डाले गए थे ताकि सतह मजबूत रहे। इन्हें 80 जहाजों में लेकर आया गया था और इस काम में 10 हजार वर्कर्स ने करीब 10 मिलियन घंटे तक काम किया था। इन चट्टानों को डालने के बाद उस पर 30 से 40 मीटर ऊंची सतह बनाई गई थी। इसके बाद भी समुद्र के जल का स्तर बढ़ने के चलते यह डूबने की कगार पर है।

**आवश्यकता**


!!! बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/12/जनवरी 24)

**बेचना**

बेचना - जमीन बेचना है जिला मुख्यालय अनूपपुर से सटे ग्राम बरबसपुर मानपुर रोड मे 1 एकड़ 12 डिसमिल जमीन बिकाऊ है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 8435642943, 9424954403 (अनूपपुर/17/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5392



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5391 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | बे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5402

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5401 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चों, मकर संक्रांति के अवसर पर अपने भारत देश के विभिन्न हिस्सों में रंग-बिरंगी, विभिन्न आकार और प्रकार की पतंगें उड़ाने की परंपरा है। अपने देश की तरह दुनिया के कई देशों में भी पतंगबाजी के उत्सव मनाए जाते हैं। जानो, कुछ अनोखे काइट फेस्टिवल्स के बारे में।

# अजब-गजब काइट फेस्टिवल्स



### केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीका देश की राजधानी केपटाउन के मैकबोस्टरेंड बीच पर हर साल 20,000 से ज्यादा लोग की भीड़ पतंग उड़ाने के लिए इकट्ठा होती है। काइट फेस्टिवल में तरह-तरह की डिजाइन और आकार की पतंगों को आसमान में उड़ते देखना अनोखा अनुभव होता है। बच्चों, केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा पतंगोत्सव है। केप टाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल हर साल अक्टूबर महीने में आयोजित होता है। *



### अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इटली

यूरोप महाद्वीप के देश इटली में समुद्र तटीय रिजॉर्ट शहर सर्विया के पिनारेला बीच पर हर साल अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। यह काइट फेस्टिवल, दुनिया के सबसे अनूठे काइट फेस्टिवल्स में से एक है। यहां दुनिया भर की कलात्मक पतंगों को एक साथ देख सकते हैं। पिनारेला बीच पर समुद्र के किनारे तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर्स, जानवरों, पक्षियों और अन्य आकारों की पतंगें उड़ता देखना काफी मजेदार लगता है। सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 20 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 1 मई 2024 को समाप्त होगा। *



### पोर्ट्समाउथ इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इंग्लैंड

इंग्लैंड के तटीय शहर पोर्ट्समाउथ में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट जाता है। यहां पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग बनाने की कला भी सिखाई जाती है। तुम यहां उड़ने वाली पतंगों के विभिन्न प्रकार, आकार और डिजाइन देखकर चौंक जाओगे। यहां उड़ी पतंगें, म्यूजिक बजाने वाली पतंगें, ट्रिक दिखाने वाली पतंगें और इंजीनियरिंग के बेहतरीन नमूने वाली पतंगें, यहां आने वाले पर्यटकों का दिल जीत लेती हैं। इंग्लैंड का यह अनोखा पतंग उत्सव हर साल अगस्त महीने में मनाया जाता है। *




### वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल चीन

पड़ोसी देश चीन के वेईफांग नामक जगह को 'दुनिया की पतंग राजधानी' कहा जाता है। चीन के शेडोंग प्रांत के वेईफांग में हर साल वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। फेस्टिवल में ड्रैगन के विशाल आकार सहित अन्य कई जानवरों के डिजाइनों वाली पतंगें उड़ाई जाती हैं, लेकिन यहां ड्रैगन डिजाइन की पतंगें ही सबसे ज्यादा उड़ाई जाती हैं। वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इस साल 20 अप्रैल से आरंभ होगा। *



### जायंट काइट फेस्टिवल ग्वाटेमाला

उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के ग्वाटेमाला देश में सुंपांगो और सैंटियागो साकाटेपीक्वेज नामक जगहों में प्राचीन काल से पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। यहां ऑल सेंट्स डे (प्रतिवर्ष 1 नवंबर) के दिन जायंट काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस दौरान विशालकाय गोलाकार पतंगें उड़ाई जाती हैं। स्थानीय निवासी इन गोलाकार पतंगों को बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए उड़ाते हैं। जिस दिन यहां पतंगें उड़ाई जाती हैं, उसे डाया डी लोस म्यूरटोस कहते हैं। *



छोटी कहानी / संदीप पांडे शिष्य

## त्योहार की खुशी

नववर्ष आकर चला गया। अब तो मकर संक्रांति आने वाली है।' राघव अपनी दोस्त सिया से बोला।

'नववर्ष का दिन तो रात में नाच-गाकर उत्सव मनाने का दिन है। लेकिन मकर संक्रांति तो दिन भर त्योहार का आनंद देता है। दादी जी कह रही थीं कि हमारे सारे त्योहार मौसम चक्र के अनुसार बने हैं। उसमें बनने वाले मिष्ठान और खाद्य-पदार्थ भी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।' सिया खुश होकर राघव से बोली।

'सिया, मुझे तो दिनभर पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है। आसमान में रंग-बिरंगी सैकड़ों पतंगों के बीच अपनी पतंग की कलाबाजियां दिखाने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। साथ ही तिल के लड्डू, गजक और दाल की पकौड़ी खाते जाओ और पतंग उड़ाते जाओ। पिछले साल मैंने अपनी एक पतंग से आसमान में उड़ती पूरी सात पतंगें काटी थीं। इस बार देखना कम से कम दस पतंगें काटूंगा।' राघव चहक कर बोला।




'अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि चाइनीज मांझे से परिंदों को कष्ट ना हो। पक्षी मांझे में उलझकर घायल हो जाते हैं। दुपहिया वाहन सवारों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है। पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल बंद कर देना चाहिए, इससे किसी के भी जीवन को खतरा हो सकता है।' सिया ने किसी बुजुर्ग की तरह आदेश दिया। राघव कुछ देर चुप्पी के बाद बोला, 'बात तो तुम्हारी एकदम सही है। मैं इस बार ध्यान रखूंगा। पिछली बार भी मम्मी ने मुझे इसके लिए चेताया था, लेकिन मैंने उनकी बात नहीं मानी। तुम इस बार पतंग उड़ाने मेरे घर आ जाना। हम मिलकर मस्ती करेंगे।'

'नहीं मैं नहीं आ पाऊंगी। मैं दादी जी के संग, सुबह सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तब छत पर जाकर सूर्य नमस्कार करूंगी। साथ ही सूर्य देव का आभार प्रकट करूंगी कि वह हमें रोशनी और ताप देते हैं, ताकि हम ठिठुरन भरी सर्दी का मुकाबला कर सकें। उसके बाद पापा-मम्मी के साथ जरूरतमंदों को शॉल, टोपी और कंबल बांटने जाऊंगी। पतंग को तो आसमान में उड़ता देखकर आनंद आ जाएगा। पतंग उड़ाना तो मुझे आता भी नहीं।' सिया ने शालीनता से राघव को इंकार किया तो वह कुछ उदास हो गया। उसने सिया से सवाल किया, 'अच्छा तो क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूं?'

'हां...हां... क्यों नहीं? तुम सुबह आठ बजे ही नहा कर और तैयार होकर मेरे घर आ जाना। हम पूजा भी साथ करेंगे और फिर दान का सौभाग्य भी साथ प्राप्त करेंगे।' सिया की सहमति में बेहद प्रसन्नता झलक रही थी। राघव ने सिया से विदा लिया। इस बार मकर संक्रांति को नए ढंग से मनाने का उसका उत्साह बहुत अलग था। घर की ओर बढ़ते उसके कदम थिरक से रहे थे। *

## जीके क्विज-87

1. हाल में इसरो के सोलर मिशन ने अंतरिक्ष में किस बिंदु पर सफलतापूर्व स्थापित होकर इतिहास रचा?
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
3. माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़ने वाली भारतीय महिला कौन हैं?
4. आंवले में प्रचुर मात्रा में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
5. हाल में शेख हसीना किस पड़ोसी देश की पांचवीं बार पीएम बनीं?
6. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ था?
7. किस महापुरुष की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हैं?
8. ऑडियोमीटर से क्या मापा जाता है?
9. गिद्धा किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
10. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?



बच्चों, जीके क्विज-87 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-86 का उत्तर:** 1- क्षिप्रा नदी, 2-लता मंगेशकर चौक(अयोध्या), 3-गोवा, 4-अरविंद पनगढ़िया, 5-7 दिसंबर, 6-झारखंड, 7-अरावली पर्वत श्रृंखला, 8-अशोक स्तंभ, 9-आठ राज्यों से, 10-20 ओवर

**जीके क्विज-86 का सही उत्तर देने वाले :** रेहान-भिलाई, शुभम-महासमुंद, लक्ष्मी-बागबाहर, रौनक-जांजगीर, अजय-रायपुर, विकास-भोपाल, सोनम-जगदलपुर, हिमेश-हिसार, अभिषेक-कटनी, प्रीती-दुर्ग, अनाया-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**पप्पू**-मम्मी, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरे कान में कोई गुनगुना रहा है।
**मम्मी**- ऐसा कब होता है बेटा?
**पप्पू**- जब मैं मच्छर दानी लगाकर बेड के किनारे सोता हूं।
-सुंदर, रोहतक

**सोनी**-मोनी, तुम आज पार्क में हैट लगाकर क्यों खेलने आई हो?
**मोनी**-ताकि किसी को पता न चल सके कि मेरे माइंड में क्या चल रहा है।
-पिंकी, जबलपुर

गोलू और गप्पा जंगल में घूम रहे थे कि अचानक उनके सामने कोई जंगली जानवर आ गया। गोलू ने उस जानवर की आंख में मिट्टी झोंक दी।
**गोलू**- गप्पा भाग!
**गप्पा**- मैं क्यों भागूं, मिट्टी तो तुमने डाली है।
-पूजा, रायपुर



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

गोलू पतंग लूटकर उन्हें छत पर बने स्टोर रूम में रखता था। उसकी छत से लगे घर में रहने वाला अनुज, स्टोर से पतंगें चुरा लेता। गोलू को जब पता चला तो उसे बहुत गुस्सा आया। मकर संक्रांति के दिन उसने अनुज के साथ जो किया, वह बहुत ही अचरज करने वाली बात थी।

## हैप्पी मकर संक्रांति

इन दिनों गोलू स्कूल से आते ही छत पर चला जाता था। सूरज डूबने के बाद ही नीचे आता। गोलू को पतंग उड़ाने से ज्यादा पतंग लूटने का शौक है। उसने छत पर अलग-अलग लंबाई के डंडे रख रखे हैं, जिनका इस्तेमाल करके वह पतंग लूट लेता है। उसे लगता है, जो मजा लूटी हुई पतंग उड़ाने में है, वह खरीदकर उड़ाने में नहीं है। गोलू छत पर ही बने स्टोर रूम में एक के बाद एक पतंगें इकट्ठी करता जा रहा था, लेकिन वह पतंगों की गिनती नहीं करता था।

मकर संक्रांति का त्योहार आ गया था। गोलू बहुत खुश था कि वह अब मजे से पतंग उड़ाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति थी। मम्मी हर बार की तरह इस बार भी रात को गाजर का हलवा बना रही थीं। जब गाजर का हलवा तैयार हो गया तो उन्होंने एक बड़ा कटोरा गोलू के हाथों में थमाते हुए कहा, 'बेटा, यह पड़ोस वाली आंटी को दे आओ। आंटी की तबीयत ठीक नहीं है। उनके बेटे को गाजर का हलवा बहुत पसंद है।'

गोलू ने पड़ोस वाले घर में जाकर डोर बेल बजाई, लेकिन कोई गेट खोलने नहीं आया। वह वापस लौटने ही वाला था कि उसने फुसफुसाहट सुनी। यह आवाज आंटी के बेटे अनुज की थी, जो फोन पर किसी से कह रहा था, 'अरे, पतंग की कोई टेंशन नहीं है। हमारे पड़ोस में एक बुद्धू बच्चा रहता है। वह पतंग लूटकर ऊपर वाले स्टोर रूम में रख देता है, स्टोर में ताला भी नहीं लगाता। हमारे घर की छतें जुड़ी हुई हैं। मैं रोज दो-तीन पतंगें चुपके से निकाल कर ले आता हूं। मेरे पास करीब पचीस-तीस पतंगें इकट्ठी हो गई हैं।'

यह सुनकर गोलू को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वह चुप रहा। उसने फिर से डोर बेल बजाई तो अनुज की मम्मी ने दरवाजा खोला। गोलू ने बनावटी मुस्कान के साथ हलवा उनके हाथों में थमा दिया और पूछा, 'आपकी तबीयत कैसी है आंटी?' 'तबीयत पहले से बेहतर है बेटा।' आंटी बोलीं। उन्होंने गोलू को दो मिनट रुकने को कहा। गोलू का रुकने का मन तो नहीं था, फिर भी रुक गया। गोलू ने देखा आंटी भीतर गईं और ढेर सारी पतंगों का बंडल हाथ में लेकर आईं। पतंगों का बंडल गोलू को थमाते हुए बोलीं, 'अनुज तुम्हारी छत से रोज पतंगें लेकर आता है। मैं इसे डांटती हूं, लेकिन इस पर कोई असर नहीं होता। सुबह उसे एक भी पतंग नहीं मिलेगी, ना ही मैं उसे खरीदने दूंगी, तभी उसे एहसास होगा कि चोरी करने का क्या नतीजा होता है?'



गोलू को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'आंटी जी, अनुज मेरे भाई की तरह है। ये पतंगें आप उसे ही उड़ाने दीजिए।'

गोलू की बात सुनकर आंटी ने उसको ढेर सारा आशीर्वाद दिया। गोलू वापस घर लौटते हुए सोच रहा था कि पता नहीं उसने यह सही किया या गलत किया? उसने घर जाकर मम्मी को जब सारी बात मम्मी को बताई तो वह बोलीं, 'बेटा, तुमने बिल्कुल सही किया।'

अब क्योंकि गोलू खुद ही पतंगें अनुज को दे आया था तो उसे इस बात का कोई दुख नहीं था।

गोलू जब सुबह छत पर गया और स्टोर रूम खोला तो उसे पतंगों का एक बंडल अलग ही पड़ा दिखा। वह जैसे ही पीछे मुड़ा तो देखा, छत की दीवार के उस पार अनुज खड़ा मुस्कुरा रहा था, वह बोला, 'भैया, सॉरी...!'

यह सुनकर गोलू मुस्कुरा उठा, बोला, 'कोई बात नहीं, मिलकर पतंग उड़ाते हैं। हैप्पी मकर संक्रांति अनुज।' *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



## पतंग

छोटे-बड़े सब जन उड़ाते
संक्रांति पर खूब पतंग।
दूर गगन में सैर को जाती
संग हवा के चले पतंग।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती
संग डोर के बंधी पतंग।
मोनू टोनू छत पर जाते
लेकर गिड़गिड़ी और पतंग।
जब फंद जाती पेचों में
संघर्ष करती खूब पतंग।
उत्साह भरा शोर हो जाता
जब कट जाती कोई पतंग।
जिसका होता मांझा अच्छा
सदा जीतती वही पतंग।
रंग-बिरंगी रूपों वाली
उड़ती चारों ओर पतंग।
जब कट जाती रुक न पाती
कह जाती अलविदा पतंग।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के दिन मैदान पर पतंग उड़ाते बच्चों से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-आसमान में बादल की संख्या में अंतर है। 2-सबसे बाईं तरफ वाली बच्ची की पतंग का रंग अलग है। 3-दूसरी बच्ची का हेयर स्टाइल भी अलग दिख रहा है। 4-चित्र में आसमान में पक्षी नहीं दिख रहे हैं। 5-सबसे दाईं तरफ वाली बच्ची की ड्रेस पर एक कार्टून का डिजाइन बना है। 6-बच्चे के पैरों के पास पतंग की जगह चरखियां रखी हैं।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बहुत सारी रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में उड़ती दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पतंगों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर : 21

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाते हुए एक बच्चे के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो इस बच्चे के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।



उत्तर : D

## खबर संक्षेप



### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है। रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिए आगे के दौर की बातचीत कर रहे हैं।'

### हमारा ध्यान मजबूत ताकत बनने पर



**रांची।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### नेपाल क्रिकेट संघ से लामिचाने निलंबित



**काठमांडो।** एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया। काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। इसने कहा, 'हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है।'

### निश्ना ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त



**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। हिताषी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी की।

# आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियाटेक-केनिन में होगा पहला मैच, जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी तय नहीं

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

**मेलबर्न।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और दूसरे दौर में 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर या डेनियेले कोलिंस से टक्कर हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं हुआ है। वह तीसरे दौर में एंटी मर्रे और क्वार्टर फाइनल में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से खेलना पड़ सकता है।



### ओसाका से भिड़ेगी गार्शिया

*टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को निकाले गए जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सामना पहले दौर में 16वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया से होगा। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ भी इसी ड्रॉ में है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर का सामना कोलिंस से होगा जिसने 2022 में यहां स्वियाटेक को सेमीफाइनल में हराया था। गत चैंपियन एरिना सबालेंका का सामना पहले दौर में एक क्वालीफायर से होगा। क्वार्टर फाइनल में तीसरी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना की टक्कर पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला से हो सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज का सामना छठी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हो सकता है।*

## मुख्य ड्रा में पहुंचने से एक जीत दूर नागल



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं। नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में आस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया। अब सत्र के शुरुआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा।

## बैडमिंटन : भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के कोरवी-लबार को 21-11, 21-18 से हराया

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत हारे

एजेंसी ▶▶| कुआलालम्पुर

भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया। पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।




### सात्विक-चिराग के गेम का रोमांच

*एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग ने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहले ही गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। फ्रांसीसी जोड़ी ने हालांकि स्कोर 12-14 कर दिया। भारतीय जोड़ी का अनुभव यहां काम आया जिसने लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीता। दूसरे गेम में 4-11 से पिछड़ने के बाद सात्विक और चिराग ने जबर्दस्त वापसी करते हुए 16-16 से बराबरी की। इसके बाद अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने चार मैच प्वाइंट के साथ गेम और मैच जीता।*

### लोंग ने दी मात

श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए। कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13-21, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

### अश्वनी-तनीषा की उलटफेर भरी जीत



*हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी अश्वनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो ने बड़ा उलटफेर करते हुए सातवीं वरीय जापानी जोड़ी वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्वनी और तनीषा का क्वार्टर फाइनल में अन्य जापानी जोड़ी रिन इवांगा-की नाकानिशी से होगी। इस जीत से दोनों के पेरिस ओलंपिक में क्वालिफाई करने के अवसर काफी बढ़ गए हैं। विश्व नंबर 24 श्रीकांत ने अच्छी शुरुआत कर 6-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन यहां से उन्होंने लगातार छह अंक खोए और मैच का पासा पलट गया।*



### क्वालीफायर से कटाएंगे ओलंपिक का टिकट

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने गुरुवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मौका गंवा दिया लेकिन अब उन्हें यकीन है कि शनिवार से शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए वह पेरिस का टिकट कटाएंगे। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिए सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूकी भारतीय टीम यहां क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेगी। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले क्वालीफायर में भाग ले रही आठ में से शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक खेलेंगी।

### टी20 टीम में विराट के चयन से हैरान नहीं



**गक्बेरहा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स अपने दोस्त विराट कोहली के टी20 विश्व कप में खेलने की संभावना से तनिक भी हैरान नहीं है और उनका कहना है कि विराट ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर का प्रबंधन बखूबी किया है। कोहली ने आखिरी टी20 नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में खेला था। डिविलियर्स ने कहा, 'मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। मैं विराट और रोहित के लिए बहुत खुश हूं। आप टी20 विश्व कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजकर जीतना चाहते हैं।'

## अमन ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण, वान्हाओ को 10-0 से रौंदा



एजेंसी ▶▶| जगरेब


भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिए यह अच्छी खबर रही।

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किए के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15-4 से जीत के साथ आगाज किया।

हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

## मुक्केबाजी महासंघ आयोजित करेगा 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम

*नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विद्युत कंपनी आरईसी लिमिटेड के साथ मिलकर पुणे के सैन्य खेल संस्थान में 'वेस्टर्न ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह एलीट और युवा वर्ग की प्रतियोगिता 12 से 19 जनवरी तक होगी। बीएफआई ने पूरे देश में पुरुष और महिला मुक्केबाजों दोनों के लिए एलीट, युवा, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों के लिए चार 'ओपन' शुरुआती टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बनाई है जिस कड़ी में यह पहली प्रतियोगिता होगी। इन टूर्नामेंट में अपना कौशल दिखाने के लिए कोई भी मुक्केबाज भाग ले सकता है। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने कहा, 'बीएफआई और आरईसी भारतीय मुक्केबाजी के विकास के लिये प्रतिबद्ध हैं और यह 'आरईसी ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम देश भर की उभरती हुई प्रतिभा को पहचानने और उन्हें तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिन मुक्केबाजों के पास कौशल और काबिलियत है, यह उनके लिए प्रभावित करने का बड़ा मौका है।'*



## रिदम ने भारत के लिए हासिल किया 16वां ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत अब ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा।

भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिए सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था। एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है।

### रिदम ने जीता कांस्य पदक

इससे पहले ईशा सिंह और वरुण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरुष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं। रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिए काफी था। चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। इस वर्ग में वह ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकी थी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सतना (म.प्र.)**

NIT क्रं. 46 (E.T.) /निर्माण/न.पा नि./2023-24 — सतना दिनांक-04/01/2024

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क. | निविदा क्रं. व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्रं. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 46/01 04.01.2024 | 2024_UAD _324069_1 | बाउंड्रीवाल व पेवर्स निर्माण दूरदर्शन आफिस के पास | 04 | 22,38,918 | 44,800/- | 5,000/- | 02 माह |
| 02. | 46/02 04.01.2024 | 2024_UAD _324071_1 | पेवर्स कार्य विभिन्न स्थानों में | 26 | 11,97,185 | 24,000/- | 2,000/- | 02 माह |
| 03. | 46/03 04.01.2024 | 2024_UAD _324073_1 | प्रतीक्षालय एवं पेवर्स कार्य मारूति नगर मुक्तिधाम | 10 | 10,70,000 | 21,400/- | 2,000/- | 02 माह |
| 04. | 46/04 04.01.2024 | 2024_UAD _324285_1 | नाली निर्माण सुमित बाजार के पास चौहान नगर एवं विभिन्न स्थानों में | 29 | 27,45,092 | 50,000/- | 5,000/- | 03 माह |

शर्तें :- (1) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दिनांक 05.01.2024 समय 15:30 से दिनांक 03.02.2024 समय 17:30 बजे तक आनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगी। (2) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
सतना (म.प्र.)


# टी20 विश्व कप को लेकर पूर्व भारतीय ऑल राउंडर रैना का अनुमान

# कोहली, रोहित की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया।

रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना 'जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18' में विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।'रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'



### रिंकू निर्भीक क्रिकेटर

भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है। उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिए समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।'रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया।


**कार्यालय कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक/भू-अर्जन/17(अ-82)2023-24/584 — डिण्डौरी, दिनांक 01/01/2024

**धारा 11**

**// अधिसूचना //**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (4) मे वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) मे उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है । अत: भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार व्यक्ति को इस आशय की सूचना दी जाती है । राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) मे उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध मे उक्त धारा 12 द्वारा दी गई शाक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

**अनुसूची**

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह. न. | भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे. मे) | अधिनियम की धारा 12 के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| डिण्डौरी | शहपुरा | मरवाही रैयत प.ह.नं. 83 | 79.29 हेक्टयर | कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रं. 2 जिला मण्डला | बसानिया बहुउद्धेशीय परियोजना हेतु |
| योग | | | 79.29 हेक्टयर | | |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिस के लिए आवश्यकता है - बसानिया बहुउदेशीय परियोजना के निर्माण हेतु ।(3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे मे हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.mandla nic.in & wwwdindori nic.in कल्ल व मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट wwwmprevenue nic.in पर देखी जा सकती है।(4) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) शहपुरा या कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र. 2 मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(विकास मिश्रा)
कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन उपसचिव
म. प्र. शासन राजस्व विभाग

G-22786/23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।





# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए प्रदेश भर में मारामारी

**71 लाख वाहनों में से अब तक 12 लाख वाहनों पर लग पाईं**

## हाई कोर्ट ने 15 जनवरी तक सभी वाहनों में लगवाने की दी है समय सीमा

जबलपुर।

वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन (नंबर) प्लेट को लेकर प्रदेश में मारामारी की स्थिति है। निर्माता कंपनियां जहां पहले सात से दस दिन में इसकी आपूर्ति कर रही थीं, वहीं हाई कोर्ट द्वारा दी गई 15 जनवरी की समय सीमा के दबाव के कारण अब इसके लिए 20 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।

प्रदेश में सडक़ों पर दौड़ रहे सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। यह प्लेट लगाने से छूटे वाहनों की संख्या करीब 71 लाख है। इनमें से 12 लाख में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग सकी हैं। नंबर प्लेट लगवाने से छूट रहे वाहनों की संख्या काफी ज्यादा है, ऐसे में अब परिवहन विभाग हाई कोर्ट से समय सीमा बढ़ाने की मांग कर सकता है।

लोगों ने रुचि कम

दरअसल, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने को लेकर लोगों ने भी रुचि कम दिखाई। समय रहते आवेदन भी नहीं किए। अब प्रदेश में चालान के डर और दूसरे प्रदेशों में सख्ती से बचने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन कर रहे हैं। यह नंबर प्लेट नहीं होने पर 15 जनवरी के बाद पांच सौ रुपये का चालान किया जाएगा। बता दें, एक अप्रैल 2019 से पहले के पंजीकृत वाहनों में



हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। वर्ष 2014 में इसे बनाने वाली कंपनी का ठेका निरस्त होने के कारण ऐसे वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई जिनमें यह नंबर प्लेट नहीं है। कई सालों तक मामला कानूनी लड़ाई में भी उलझा रहा। वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता में एक महीने की छूट मिली। पहले यह तिथि 15 दिसंबर, 2023 तय की गई थी।

### समय मांगना ही विकल्प

हाई कोर्ट के आदेश के पालन में 15 जनवरी तक प्रदेश के सभी छूटे वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना संभव ही नहीं है। ऐसे में परिवहन विभाग के पास हाई कोर्ट के सामने समय सीमा बढ़ाने के लिए अपील करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### ऐसे होता है आवेदन

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाना होता है। यहां बुक एचएसआरपी का लिंक मिलता है। इसे क्लिक करने के बाद सोसायटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर (एसआइएएम) की साइट खुल जाती है। यहां कई तरह की जानकारियां देकर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एसआइएएम नेशनल आटोमोबाइल इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है। लोग भी बैठे रहे,अब आवेदन ज्यादा हो रहे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अनिवार्यता आज की बात नहीं है। इसे लेकर परिवहन विभाग को लगातार मोहलत मिल रही है। विभाग की ओर से भी जल्द से जल्द वर्ष 2019 के पहले पंजीकृत वाहन मालिकों से अपील की जा रही थी कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवा दें वरना चालानी कार्रवाई होगी। प्लेट लिए जाने के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया इसलिए भी लागू की गई ताकि कोई भी आसानी से आवेदन कर सके। समय रहते लोगों ने आवेदन नहीं किया और अब अचानक बड़ी संख्या में लोगों के आने से दबाव बढ़ा है और प्लेट बनाने वाली कंपनियां के पास 20 दिन की प्रतीक्षा सूची हो गई है।



**भिटौनी स्टेशन पर कार्य के चलते आधा दर्जन गाड़ियां प्रभावित**

# इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलगाड़ियां प्रभावित

**जबलपुर।** अधोसंरचना विकास कार्य के लिये पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मण्डल के इटारसी-जबलपुर रेलखण्ड के भिटौनी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान कुछ गाड़ियों को निर्धारित तिथियों में प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त, आंशिक निरस्त एवं ठहराव निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

### निरस्त होने वाली ट्रेनें

गाड़ी संख्या 06619/06620 इटारसी-कटनी-इटारसी मेमू स्पेशल 15 से 17 जनवरी तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 14 से 17 जनवरी तक गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 15 से 18 जनवरी तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-अधारताल-रानी कमलापति इण्टरसिटी एक्सप्रेस 15 से 17 जनवरी तक निरस्त रहेगी।

### यह गाड़ियां होंगी प्रभावित

गाड़ी संख्या 19013/19014 भुसावल-कटनी-भुसावल एक्सप्रेस 14 से 17 जनवरी तक ट्रेन इटारसी स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरजिनेट होगी यानी इटारसी-कटनी-इटारसी के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 15 से 17 जनवरी तक तथा गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 14 से 16 जनवरी तक दोनों दिशाओं में भिटौनी स्टेशन पर ठहराव निरस्त रहेगा। वहीं गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस 14 से 16 जनवरी और गाड़ी संख्या 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस 15 से 17 जनवरी दोनों दिशाओं में भिटौनी स्टेशन पर ठहराव निरस्त रहेगा।

# सड़क के इस पार खड़ी थी माँ उस पार डंपर ने बेटे को रौंदा

## पेट्रोल भराकर सड़क पार करते समय हादसा

**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत चरगवां रोड चौराहें के पास गुरुवार की सुबह 10 बजे के आसपास बाइक में पेट्रोल भरवाकर सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार डंपर रौदते हुए निकल गया। माँ सड़क के उस पार खड़ी थी, जिसक आंखों के सामने यह हादसा हुआ। माँ सुधबुध खो बैठी और बेहोश हो गई। चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र अपनी माँ और दोस्त के साथ सुबह किसी काम से मानेगांव गया था। मानेगांव से लौटते वक्त चरगवां रोड चौराहे के पास जितेंद्र ने अपनी माँ और दोस्त को सड़क के उसपार खड़ा कर पेट्रोल भरवाने चला गया। पेट्रोल भराकर जब वह रोड पार कर रहा था तभी जबलपुर की ओर से आ रहे डंपर ने उसे रौंद दिया। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। रोड पार खड़ी माँ के सामने यह हादसा हुआ जिसे देखकर माँ और उसके दोस्त हतप्रभ रह गए। लोगों ने डंपर ड्राइवर को पकड़कर तिलवारा थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने धारा 304ए के तहत प्रकरण दर्ज कर मामलें को विवेचना में लिया है।

**स्कूलों को दिए निर्देश**

# 10वीं-12वीं के नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 20 मार्च तक

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव की वजह से दसवीं-बारहवीं कक्षा की परीक्षा अगले कुछ सप्ताह में शुरू होने जा रही है। मगर अब माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर रूपरेखा बनाई है, जिसमें नियमित-स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग शेड्यूल रखा गया है। नियमित छात्र-छात्राओं की मुख्य परीक्षा संपन्न होने के बाद स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं होगी, जबकि स्वाध्यायी विद्यार्थियों की मुख्य और प्रायोगिक परीक्षा साथ-साथ संपन्न करवाना है। ये केंद्रों पर करवाने पर जोर दिया है। मामले मंडल ने शेड्यूल जारी कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होते ही संस्थानों को विद्यार्थियों के अंक भी आनलाइन भेजना होंगे। मुख्य परीक्षा को लेकर मंडल ने जुलाई 2023 में टाइम टेबल जारी कर दिया था। 10वीं की 5-28 फरवरी और 12वीं की 6 फरवरी से 5 मार्च तक परीक्षा रखी गई है। पेपर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच होंगे।





*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

डाउन पेमेंट 5999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | 100 पे 100* | बिना हाइपोथिकेशन* | 10% कैशबैक ₹5000* तक

डीलर की जानकारी के लिए 7230032200 पर WhatsApp या मिस्ड कॉल करें या QR Code को स्कैन करें

1. इयरफ़ोन कनेक्ट करें 2. QR Code स्कैन करें 3. वीडियो का आनंद लें

CLICK BOOK RELAX

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; Arihant Automobiles (Bada Malehra) - 9827042401; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **JABALPUR:** Sahil Honda - 9893159956, 7771003865; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Anand Wheels Honda - 7049919750, 7049919755; Sahil Honda (Madan Mahal) 7771003887, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 07644-234298, 9424508485; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9907079959; **MANDLA:** Rajul Honda - 8797879711, 7642260711; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 0779-2235359, 9425815655; Amisha Honda - 07792-235555, 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 07791-256500, 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; SEONI: Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 07792-235555, 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 07791-256500, 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; **MANDLA:** Rajul Honda - 09644544611, 8797879711; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9827090633, 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605. **SHAHDOL:** Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **SATNA:** Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 6267275500, 07672-350225; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Pasari Honda (Maihar) - 9827655550, 7000841741; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; **REWA:** Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; **PANNA:** Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; **BHIND:** M.S. Honda - 9826351771, 7999875353; **MORENA:** The Roshan Honda - 9301124000; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; **AMBAH:** Aryan Honda - 9826288045; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; Arihant Automobiles (Bada malehra) - 9827042401; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240